2020 से 2022

Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News

सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...

RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022

# घटती घटना

अम्बिकापुर , वर्ष 18,अंक -337 गुरूवार ,13 अक्टूबर 2022, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

विपत्ति से बढ़कर तर्जुबा सिखानेवाला विद्यालय आज तक नहीं खुला।
-प्रेमचंद-

# उपासना स्थल अधिनियम के तहत सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को जारी किया नोटिस

## » जस्टिस धनंजय यशवंत चंद्रचूड़ होंगे देश के 50 वें प्रधान न्यायाधीश



**नई दिल्ली, 12 अक्टूबर 2022।** उपासना स्थल अधिनियम के खिलाफ दायर की गई याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई हुई । प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया और दो सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का आदेश दिया । बता दें कि इससे पहले की सुनवाई में सीजेआई ने केंद्र सरकार से सवाल किया था कि आपको नोटिस बहुत पहले जारी किया जा चुका है, आप जवाब दाखिल करना चाहते हैं या नहीं? अब सुप्रीम कोर्ट 14 नवंबर को इस मामले की सुनवाई करेगा ।

### 18 सितंबर,1991 को पारित किया गया था अधिनियम

दरअसल, मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस यूयू ललित ने कहा कि हम जानना चाहते हैं कि केंद्र सरकार का पक्ष क्या है । पीठ ने एसजी तुषार मेहता से पूछा आप कब तक जवाब दाखिल करेंगे । इस पर एसजी मेहता ने कहा कि दो सप्ताह में जवाब दाखिल कर देंगे । बता दें कि पूजा स्थल अधिनियम को संसद से 18 सितंबर, 1991 को पारित किया गया था । इस एक्ट के तहत सिर्फ राम मंदिर विवाद मामले को अलग रखा गया था । काशी, मथुरा विवाद मामले में मुस्लिम पक्ष इसी एक्ट की दलील देकर विरोध जता रहा है । इस एक्ट को रद्द करने की मांग को लेकर दाखिल याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट इस एक्ट की वैधानिकता का परीक्षण कर रहा है ।

### पिछले साल जारी हुआ था नोटिस

बता दें कि मार्च 2021 में कोर्ट ने वकील अश्वनी कुमार और विष्णु जैन की दो याचिकाओं पर नोटिस जारी किया था. हालांकि केंद्र सरकार की तरफ से अभी तक कोई जवाब दायर नहीं किया गया है । मथुरा निवासी देवकीनंदन ठाकुर द्वारा दायर याचिका में 1991 के अधिनियम की धारा 2, 3, 4 की वैधता को चुनौती दी गई है । याचिका में दावा किया गया है कि यह हिंदुओं, जैनों, बौद्धों और सिखों के उनके उपासना स्थलों और तीर्थयात्रा एवं उस संपत्ति को वापस लेने के न्यायिक उपचार का अधिकार छीनती है जो देवता की है ।

### क्या है यह कानून

दरअसल, प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट यानी उपासना स्थल कानून ऐसा कानून है, जो 15 अगस्त 1947 को मौजूद किसी भी उपासना स्थल के स्वरूप को बदलने पर पाबंदी लगाता है । बता दें कि वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद और मथुरा में श्री कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद के ऐतिहासिक स्थलों पर हिंदू पक्षों द्वारा स्वामित्व और पूजा करने के अधिकार के लिए नए मुकदमों ने 1991 के एक कानून को सुर्खियों में ला दिया था ।



## सीएम का आह्वान,डेढ़-दो वर्षों तक अयोध्या के आश्रमों में खूब हों आध्यात्मिक कार्यक्रम

**अयोध्या, 12 अक्टूबर 2022।** यूपी के मुख्यमंत्री व गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अगले डेढ़-दो वर्षों में यहां खूब आध्यात्मिक कार्यक्रम होना चाहिए। अयोध्या का प्रकाश देश-दुनिया के कोने-कोने में अध्यात्म व सांस्कृतिक रूप से पहुंचना चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अयोध्या के राममंत्रार्थ मंडपम में श्रीराम मंत्र महायज्ञ रजत जयंती महामहोत्सव में उपस्थित संतों, श्रद्धालुओं व लोगों को संबोधित कर रहे थे। सीएम ने आह्वान किया कि अगले डेढ़- दो वर्षों में यहां खूब आध्यात्मिक कार्यक्रम होना चाहिए। अयोध्या का प्रकाश देश-दुनिया के कोने-कोने में अध्यात्म व सांस्कृतिक रूप से पहुंचना चाहिए। हमारा प्रयास होना चाहिए। अभी से हर आश्रम में अखंड रामायण पाठ, संकीर्तन, कथा के भव्य आयोजन हों। केवल इस धरा धाम पर ही नहीं, इस लोक में ही नहीं, अखिल ब्रह्मांड तक अयोध्या का संदेश जाना चाहिए।

## राष्ट्रपति ने ज्यूडिशियल अकादमी का किया उद्घाटन,त्रिपुरा में नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी की रखी आधारशिला



**अगरतला , 12 अक्टूबर 2022।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार को त्रिपुरा पहुंचीं, उन्होंने ज्यूडिशियल अकादमी का उद्घाटन किया और अगरतला शहर के बाहरी इलाके नरसिंहगढ़ में नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी की आधारशिला रखी। 25 जुलाई को सर्वोच्च पद संभालने के बाद पूर्वोत्तर क्षेत्र की यह उनकी पहली यात्रा थी।

अधिकारियों के अनुसार, राज्य सरकार के उच्च शिक्षा विभाग के तहत नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, अब त्रिपुरा ज्यूडिशियल अकादमी से कार्य करेगा। दोनों आसन्न स्थान हैं।

प्रोफेसर डॉ. योगेश प्रताप सिंह को हाल ही में त्रिपुरा के नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी का पहला कुलपति नियुक्त किया गया है। राज्य सरकार ने विश्वविद्यालय के स्थायी परिसर की स्थापना के लिए नरसिंहगढ़ में 9.23 एकड़ भूमि आवंटित की थी।

अधिकारियों ने कहा कि पूर्वोत्तर और भारत के अन्य राज्यों के छात्र विश्वविद्यालय में कानून की उच्च शिक्षा ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि त्रिपुरा न्यायिक अकादमी में त्रिपुरा सरकार के अन्य विभागों के न्यायिक अधिकारियों और अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जो कानून से संबंधित न्यायिक, अर्ध-न्यायिक या प्रशासनिक कार्यों का निर्वहन कर रहे हैं।

पांच एकड़ भूमि पर 23.33 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित अकादमी में अधिकारियों को प्रशिक्षण भी दिया जाएगा और साथ ही कानून के क्षेत्र में लॉ लेक्चर, कॉन्फ्रेंस, सेमिनार और कॉम्पिटिशन आयोजित किया जाएगा।



## गोवा में मिग 29 के हुआ क्रैश,तकनीकी खराबी के कारण हुआ हादसा

**नई दिल्ली , 12 अक्टूबर 2022।** गोवा तट पर नियमित उड़ान के दौरान एक बड़ा हादसा हो गया है। यहां एक मिग 29क्य लड़ाकू विमान तकनीकी खराबी आने के कारण समुद्र के ऊपर दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। बताया जा रहा है कि विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद पायलट बाहर निकलने में कामयाब हो गया, जिससे उसकी जान बच गई। भारतीय नौसेना ने इस मामले में जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा उस वक्त हुआ जब तकनीकी खराबी आने के बाद विमान वापस बेस लौट रहा था।

## मुस्लिम पुरुष पहली पत्नी को अपने साथ रहने के लिए मजबूर नहीं कर सकता:हाईकोर्ट



**प्रयागराज, 12 अक्टूबर 2022।** एक मुस्लिम व्यक्ति, जो अपनी पहली पत्नी की इच्छा के विरुद्ध दूसरी शादी करता है, पहली पत्नी को उसके साथ रहने के लिए मजबूर करने के लिए अदालत का आदेश नहीं मांग सकता। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने ये टिप्पणी की है। न्यायमूर्ति सूर्य प्रकाश केसरवानी और न्यायमूर्ति राजेंद्र कुमार की खंडपीठ ने यह टिप्पणी एक मुस्लिम व्यक्ति द्वारा दायर एक अपील पर विचार करते हुए की, जिसमें एक पारिवारिक अदालत के आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें दाम्पत्य अधिकारों की बहाली के लिए उसके मामले को खारिज कर दिया गया था।

पीठ ने याचिका को खारिज करते हुए कहा कि, पवित्र कुरान के अनुसार एक पुरुष अधिकतम चार महिलाओं से शादी कर सकता है लेकिन अगर उसे डर है कि वह उनके साथ न्याय नहीं कर पाएगा तो केवल एक से ही शादी कर सकता है। यदि कोई मुस्लिम पुरुष अपनी पत्नी और बच्चों को पालने में सक्षम नहीं है, तो पवित्र कुरान के अनुसार, वह दूसरी महिला से शादी नहीं कर सकता और इसके अलावा एक मुस्लिम पति को दूसरी पत्नी लेने का कानूनी अधिकार है, जबकि पहली शादी बनी रहती है।

उन्होंने आगे कहा, लेकिन अगर वह ऐसा करता है और फिर पहली पत्नी को उसकी इच्छा के विरुद्ध उसके साथ रहने के लिए मजबूर करने के लिए अदालत की सहायता चाहता है, तो वह यह सवाल उठाने की हकदार है कि क्या अदालत को मजबूर करना चाहिए उसे ऐसे पति के साथ रहने के लिए। पीठ ने यह भी कहा कि, जब अपीलकर्ता ने अपनी पहली पत्नी से इस तथ्य को छिपाकर दूसरी शादी की है, तो वादी-अपीलकर्ता का ऐसा आचरण उसकी पहली पत्नी के साथ क्रूरता के समान है।

## बीसीसीआई चुनाव पर गरमाई सियासत,टीएमसी का आरोप - बीजेपी में शामिल नहीं हुए इसलिए सौरव गांगुली बने निशाना



**नई दिल्ली, 12 अक्टूबर 2022।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) के मौजूदा अध्यक्ष और टीम इंडिया के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली के नाम पर सियासत शुरू हो गई है. सौरक्ष गांगुली के अध्यक्ष पद छोड़ने की खबरों के बीच पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस (TMC) ने भाजपा पर निशाना साधा है.

टीएमसी का आरोप है कि बीजेपी ने सौरभ गांगुली को कई बार पार्टी में शामिल होने का न्योता दिया, लेकिन सौरभ गांगुली पार्टी में शामिल नहीं हुए, लिहाजा उन्हें अध्यक्ष पद गवांना पड़ गया.

टीएमसी नेता डॉक्टर शांतनु सेन ने कहा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कुछ महीनों पहले सौरव गांगुली के आवास पर मिलने पहुंचे थे और उनसे बातचीत की थी. खबर है कि भाजपा लगातार सौरभ गांगुली को पार्टी में शामिल होने का न्योता दे रही थी, लेकिन सौरभ गांगुली की तरफ से सहमति नहीं मिलने पर उन्हें बीसीसीआई अध्यक्ष पद से हटा दिया गया. क्योंकि सौरभ गांगुली बंगाल से है. इसलिए वह राजनीतिक प्रतिशोध का शिकार हुए है.

हालांकि, भाजपा ने टीएमसी के सभी आरोपों से सिरे से खारिज कर दिया है. भाजपा का कहना है कि सौरभ गांगुली क्रिकेट जगत के दिग्गज हैं और बीसीसीआई के फैसले का राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है. भाजपा के वरिष्ठ नेता राहुल सिन्हा ने कहा, 'यह क्रिकेट की दुनिया से जुड़ा मामला है और क्रिकेट से जुड़े लोग ही इस पर टिप्पणी कर सकते हैं. इसका राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है. टीएमसी को भाजपा पर हमला करने के लिए कोई मुद्दा नहीं मिला और इसलिए वह इसका राजनीतिकरण कर रही है.'

दरअसल, पहले खबर आई थी कि पूर्व भारतीय क्रिकेटर रॉजर बिन्नी सौरभ गांगुली की जगह ले सकते हैं. बिन्नी 1983 विश्वकप विजेता टीम के सदस्य रह चुके हैं और उन्होंने मंगलवार (11 अक्टूबर) को ही अध्यक्ष पद के लिए नामांकन भरा है. संभावनाएं जताई जा रही हैं कि वह 18 अक्टूबर में होने वाली बोर्ड की सालाना बैठक में निर्विरोध चुने जा सकते हैं.।

## सिलेंडर फटने से 5 साल के बच्चे समेत 3 लोग लड़ रहे जिंदगी और मौत के बीच जंग



**हरियाणा , 12 अक्टूबर 2022।** हरियाणा के रोहतक की एकता कॉलोनी में आज सुबह बड़ा हादसा हो गया है। दरअसल यहां सिलेंडर फटने से पति-पत्नी और उनका 5 साल का बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। परिवार के सभी सदस्य अस्पताल में भर्ती हैं। मौके पर दमकल और पुलिस पहुंची है।

## अफसर के सवाल पर हेड कांस्टेबल ने दिया अजीबो-गरीब जवाब!



**लखनऊ, 12 अक्टूबर 2022।** एक पुलिस जवान का अपने आलाधिकारी के सवाल पर भेजा गया जवाब इन दिनों सुर्खियों में छाया हुआ है. दरअसल, ये पूरा मामला पुलिस प्रशिक्षण केंद्र दादूपुर का बताया जा रहा है, जहाँ एक आलाअधिकारी ने प्रशिक्षण ले रहे एक हेड कांस्टेबल से क्लास के दौरान सोते पाए जाने पर जवाब मांगा था।

पुलिस प्रशिक्षण केंद्र दादूपुर में सोमवार को क्लास के दौरान हेड कांस्टेबल राम शरीफ सोते पाए गए थे। उनका यह कार्य मर्यादा के विपरीत बताया गया था। इसे घोर लापरवाही मानते हुए पीटीसी के टोली कमांडर ने हेड कांस्टेबल से स्पष्टीकरण मांगा था। हेड कांस्टेबल की साफगोई ने सबकों चौका दिया। हेड कांस्टेबल राम शरीफ यादव ने अपने स्पष्टीकरण में कहा है कि लखनऊ से ट्रेनिंग के लिए वे पीटीसी दादूपुर के लिए रवाना हुए थे।

उन्हें यहां पहुंचने में काफी परेशानी हुई और वे थके-हारे शाम तक पीटीसी पहुंचे थे। हेड कांस्टेबल राम शरीफ यादव का कहना है कि शाम को सही भोजन नही मिलने के कारण उनका पेट नहीं भरा था। इसलिए सुबह के समय भोजन में 25 रोटी, एक थाली चावल, दो कटोरी दाल और एक कटोरी सब्जी खाने में ले लिया था। इसके चलते सुस्ती छा गई और वे सो गए। राम शरीफ ने भविष्य में इतना भोजन नहीं लेने की बात कहते हुए क्षमा करने की मांग की है।

## कार में देखा गया 2 करोड़,हुआ ये खुलासा

**इस मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है.**



**हैदराबाद , 12 अक्टूबर 2022।** हैदराबाद पुलिस लगातार एक के बाद एक हवाला रैकेट का भंडाफोड़ कर रही है. हैदराबाद की टास्क फोर्स ने बुधवार को दो करोड़ रुपये की हवाला रकम जब्त की. वेस्ट जोन टास्क फोर्स की टीम को बंजारा हिल्स पुलिस स्टेशन के तहत आने वाले रोड 12 से एक कार से दो करोड़ रुपये ले जाने की सूचना मिली थी, जो कि हवाला का पैसा बताया गया था.बाद में वेस्ट जोन टास्क फोर्स पुलिस ने इसे बंजारा हिल्स पुलिस को सौंप दिया.

## लालू प्रसाद यादव की तबीयत में कोई सुधार नहीं,इलाज के लिए पहुंचे सिंगापुर



**पटना, 12 अक्टूबर 2022।** राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की तबीयत बिगड़ती ही जा रही है. मीडिया रिपोर्ट्स में उनके हेल्थ को लेकर सामने आ रहे अपडेट के अनुसार, लालू की किडनी ठीक से काम नहीं कर रही है जिस वजह से वे इलाज के लिए सिंगापुर गए है।

यहाँ लालू प्रसाद यादव के साथ पत्नी राबड़ी देवी और बेटी मीसा भारती भी मौजूद हैं। सिंगापुर पहुंचने के बाद बेटी रोहिणी ने उन्हें रिसीव किया। पिछले दिनों सीबीआई की विशेष अदालत ने उन्हें इलाज के लिए विदेश जाने की अनुमति दी थी। रोहिणी ने लालू को एयरपोर्ट से उन्हें रिसीव किया है। व्हीलचेयर पर बैठकर लालू के बाहर निकलते ही रोहिणी आचार्य ने झुककर लालू के पैर छुए। लालू ने हाथ उठा कर उन्हें आशीर्वाद दिया।

बता दें कि लालू यादव की किडनी ठीक से काम नहीं कर रही हैं। उनका दिल्ली एम्स में भी इलाज किया जा रहा था। इसके अलावा वह डाइबिटीज, ब्लड प्रेशर, हृदय रोग, थैलीसीमिया, प्रोस्टेट का बढ़ना, यूरिक एसिड के अलावा हड्डियों की बीमारियों से भी पीड़ित हैं।

डॉक्टरों की मुताबिक लालू यादव की किडनी सिर्फ 20 फीसदी ही काम कर रही हैं। लालू यादव सिंगापुर अपने किडनी के ट्रांसप्लांट के लिए गए हैं। जहां उनकी कई बीमारियों का इलाज भी होगा। लालू यादव ने दिल्ली के ताल कटोरा स्टेडियम में आयोजित खुले अधिवेशन के दौरान ही कहा था कि वो मंगलवार को सिंगापुर जाएंगे।

## दिवाली से पहले रेलवे कर्मचारियों को तोहफा, मिलेगा बोनस,मोदी कैबिनेट का बड़ा फैसला




**नई दिल्ली, 12 अक्टूबर 2022।** दिवाली के मौके पर रेलवे अपने कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दे रहा है. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रेलवे कर्मचारियों के लिए 78 दिनों के वेतन के बराबर बोनस देने की घोषणा की है. रेलवे ने अराजपत्रित रेल कर्मचारियों (आरपीएफ/आरपीएसएफ कर्मियों को छोड़कर) को 78 दिनों के वेतन के बराबर उत्पादकता से जुड़े बोनस (पीएलबी) का भुगतान करने का फैसला किया है. रेलवे पर कर्मचारियों को इस बोनस का भुगतान करने के लिए 1832.09 का भार पड़ने वाला है. एलिजिबल रेलवे कर्मचारियों को PLB भुगतान के तौर पर 7000 रुपये प्रतिमाह दिए जाते हैं.

# गर्भवती पत्नी का संदिग्ध हालत में किया अंतिम संस्कार

**श्मशान घाट में ढोल बजाने वाले से करवाया पोस्टमार्टम,ब्लेड से काटकर बच्चा निकलवाने का विडीयों आया सामने,एसपी ने दिए जांच के आदेश**

**जबलपुर, 12 अक्टूबर 2022।** मध्य प्रदेश के जबलपुर में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। जहां संदिग्ध अवस्था में गर्भवती महिला की मौत के बाद ससुराल वालों ने श्मशान घाट में ढोल बजाने वाले से पोस्टमार्टम करवाकर नवजात को निलवाया और चोरी चुपके अंतिम संस्कार कर दिया। पूरा मामला 17 सितंबर का है। इसका वीडियो अब वायरल हुआ है। महिला के परिजनों ने ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाते हुए एसपी से गुहार लगाई है। वहीं मामले में एसपी ने तत्काल जांच के निर्देश दिए हैं।

दरअसल, राधा बाई लोधी की जबलपुर के थाना पनागर में रहने वाले युवक से शादी हुई थी। लेकिन 17 सितंबर को राधा की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। राधा गर्भवती थी। ससुराल वालों ने श्मशान घाट में ही एक शख्स से नवविवाहिता का पोस्टमार्टम कराया।



जिसका वीडियो अब सामने आया है। विडीयों में साफ दिख रहा है कि शख्स ने ब्लेड से महिला के पेट को चीरकर मृत शिशु को निकालता है। इसके बाद परिजन संदिग्ध तरीके से मृत महिला सहित शिशु का अंतिम संस्कार कर देते हैं।

### ढोल बजाने वाले से करवाया पोस्टमार्टम

बताया जा रहा है कि जो शख्स महिला के पेट को चीरकर शिशु को निकाला वह ढोल बजाने का काम करता है। वीडियो वायरल होने के बाद ससुराल वालों पर सवाल उठ रहे हैं।

### मायके वालों ने एसपी से की शिकायत

वीडियो वायरल होने के बाद महिला के मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने जबलपुर एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा से इसकी शिकायत की। वहीं एसपी बहुगुणा ने तत्काल इस मामले की जांच के लिए पुलिस को निर्देश दिए हैं। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पहले 'हनुमान' फिर 'रावण' और अब रामलीला में 'शिव' के किरदार निभा रहे कलाकार की मंच पर हार्ट अटैक से मौत



**जौनपुर, 12 अक्टूबर 2022।** जौनपुर के बेलसडी में रामलीला मंचन के दौरान भगवान शिव का किरदार निभा रहे कलाकार की मौत हार्ट अटैक आने से हो गई। वह पिछले 5 सालों से भगवान शिव का रोल अदा कर रहे थे। इससे पहले अयोध्या और फतेहपुर में भी किरदारों की मौत की घटना सामने आ चुकी है।

जानकारी के मुताबिक 1970 से आदर्श रामलीला समिति के बैनर तले ग्रामीण रामलीला का मंचन करते चले आ रहे हैं। जैसे ही प्रथम दृश्य की शुरुआत हुई और भगवान शंकर की आरती शुरू हुई इसी दौरान भगवान शंकर का रोल अदा कर रहे राम प्रसाद उर्फ छब्बन पांडेय अचानक स्टेज पर ही गिर पड़े।

इसके बाद तुरंत उन्हें मछलीशहर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। रात को इमरजेंसी में उचित इलाज नहीं मिलने की वजह से उन्हें प्राइवेट हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक रामप्रसाद पिछले 5 वर्षों से लगातार भगवान शंकर का रोल निभाते चले आ रहे थे। बता दें कि प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में रामलीला मंचन के दौरान मौत का यह तीसरा मामला है।

CMYK


## संपादकीय

### हारी हुई सीटों पर भाजपा की प्लानिंग

पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा जितनी सीटों पर हारी थी उन सीटों पर पार्टी ने दूसरे चरण की प्लानिंग शुरू कर दी है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा 144 सीटों पर हारी थी। अगले चुनाव की तैयारियों के सिलसिले में उन 144 सीटों पर पहले चरण की प्लानिंग के तहत केंद्रीय मंत्रियों को भेजा गया था। हर केंद्रीय मंत्री के जिम्मे तीन-चार सीटों का जिम्मा था। पिछले महीने केंद्रीय मंत्रियों ने इन सीटों के बारे में अपनी रिपोर्ट दी। सितंबर में हुई बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दोनों शामिल हुए थे। उन्होंने केंद्रीय मंत्रियों से रिपोर्ट ली और उनको सख्त चेतावनी के साथ भाजपा की कमजोर सीटों पर काम करने की जिम्मेदारी दी गई।

अब उन 144 सीटों पर भाजपा की तैयारियों का दूसरा चरण शुरू हो गया है। सितंबर में हुई बैठक के बाद पार्टी ने इनमें से आधी सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए इनमें से जीत सकने वाली सीटों की पहचान की गई है। भाजपा के जानकार सूत्रों के मुताबिक ऐसी 40 सीटों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैलियां होंगी। बताया जा रहा है कि केंद्रीय मंत्रियों और स्थानीय नेताओं ने सुझाव दिया है कि प्रधानमंत्री की रैलियों से भाजपा की हवा इन सीटों पर बन सकती है। इसलिए चुनाव के एक साल पहले ही इन सीटों पर प्रधानमंत्रियों की रैलियां शुरू हो जाएंगी। बाकी सीटों पर अमित शाह और जेपी नड्डा की रैलियां होंगी। पिछली बार हारी हुई सीटों में से आसान सीटों पर बड़ी केंद्रीय योजनाओं की घोषणा होगी और साथ ही प्रधानमंत्री के हाथों उद्घाटन और शिलान्यास का कार्यक्रम होगा। पार्टी इन सीटों पर उम्मीदवारों की छंटनी भी कर रही है।

# सुहागिनों का सबसे बड़ा त्यौहार



**योगेश कुमार गोयल**
नजफगढ़, नई दिल्ली

करवा चौथ पर्व का हमारे देश में विशेष महत्व है क्योंकि विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र के लिए पूरे दिन व्रत रखती हैं और रात को चांद देखकर पति के हाथ से जल पीकर व्रत खोलती हैं। भारतीय समाज में वैसे तो महिलाएं विभिन्न अवसरों पर अनेक व्रत रखती हैं लेकिन पति को परमेश्वर मानने वाली नारी के लिए इन सभी व्रतों में सबसे अहम स्थान रखता है 'करवा चौथ' व्रत। पति की दीर्घायु, स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि, ऐश्वर्य तथा सौभाग्य के साथ-साथ जीवन के हर क्षेत्र में उसकी सफलता की कामना से सुहागिन महिलाओं द्वारा कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को रखा जाने वाला यह व्रत अन्य सभी व्रतों से कठिन माना जाता है, जो सुहागिनों का सबसे बड़ा व्रत एवं त्यौहार है। यह व्रत महिलाओं के लिए 'चूड़ियों का त्यौहार' नाम से भी प्रसिद्ध है। महिलाएं अन्न-जल ग्रहण किए बिना अपार श्रद्धा के साथ यह व्रत रखती हैं तथा रात्रि को चन्द्रमा के दर्शन करके अर्ध्य देने के बाद ही व्रत खोलती हैं। यही वजह है कि अखण्ड सुहाग का प्रतीक यह व्रत अन्य सभी व्रतों के मुकाबले काफी कठिन माना जाता है।

कहा जाता है कि इस व्रत के समान सौभाग्यदायक अन्य कोई व्रत नहीं है और सुहागिनें यह व्रत 12-16 वर्ष तक हर साल निरन्तर करती हैं, उसके बाद वे चाहें तो इसका उद्यापन कर सकती हैं अन्यथा आजीवन भी यह व्रत कर सकती हैं। आजकल तो कुछ पुरूष भी पूरे दिन का उपवास रखकर पत्नी के इस कठिन तप में उनके सहभागी बनते हैं। दिनभर उपवास करने के बाद शाम को सुहागिनें करवा की कथा सुनती व कहती हैं तथा चन्द्रोदय के बाद चन्द्रमा को अर्ध्य देकर अपने सुहाग की दीर्घायु की कामना कर प्रण करती हैं कि वे जीवन पर्यन्त अपने पति के प्रति तन, मन, वचन एवं कर्म से समर्पित रहेंगी। पूजा-पाठ के बाद सुहागिनें अपनी सास के चरण स्पर्श कर उनसे सौभाग्यवती होने का आशीर्वाद प्राप्त करती हैं।

करवा चौथ पर्व के संबंध में वैसे तो कई कथाएं प्रचलित हैं लेकिन सभी कथाओं का सार पति की दीर्घायु और सौभाग्यवृद्धि से ही जुड़ा है। विभिन्न पौराणिक कथाओं के अनुसार 'करवा चौथ' व्रत का उद्गम उस समय हुआ था, जब देवों व दानवों के बीच भयंकर युद्ध चल रहा था और युद्ध में देवता परास्त होते नजर आ रहे थे। तब देवताओं ने ब्रह्माजी से इसका कोई उपाय करने की प्रार्थना की और ब्रह्मा जी ने उन्हें सलाह दी कि अगर सभी देवों की पत्नियां सच्चे एवं पवित्र हृदय से अपने पति की जीत के लिए प्रार्थना एवं उपवास करें तो देवता दैत्यों को परास्त करने में अवश्य सफल होंगे। ब्रह्मा जी की सलाह पर समस्त देव पत्नियों ने कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को यह व्रत किया और रात्रि के समय चन्द्रोदय से पहले ही देवता दैत्यों से युद्ध जीत गए। तब चन्द्रोदय के पश्चात् दिनभर की भूखी-प्यासी देव पत्नियों ने अपना-अपना व्रत खोला। ऐसी मान्यता है कि तभी से इसी दिन करवा चौथ का व्रत किए जाने की परम्परा शुरू हुई।



करवा चौथ के व्रत के संबंध में अनेक प्रचलित कथाओं में से एक महाभारत काल से जुड़ी है। कहा जाता है कि एक बार धनुर्धारी अर्जुन तप करने के उद्देश्य से नीलगिरी पर्वत पर गए तो द्रोपदी बहुत चिंतित हुई। उसने विचार किया कि यहां हर समय कोई न कोई संकट आता ही रहता है, इसलिए अर्जुन की अनुपस्थिति में इन संकटों से बचने के लिए क्या उपाय किया जाए? तब द्रोपदी ने भगवान श्रीकृष्ण का स्मरण किया और श्रीकृष्ण को अपने मन की व्यथा बताई। द्रोपदी की बात सुनकर भगवान श्रीकृष्ण ने कहा कि पार्वती देवी ने भी एक बार भगवान शिव से बिल्कुल यही प्रश्न किया था और तब भगवान शिव ने उन्हें कहा था कि करवा चौथ का व्रत गृहस्थी में आने वाली तमाम छोटी-बड़ी बाधाओं को दूर करता है। द्रोपदी ने श्रीकृष्ण से करवा चौथ के व्रत के संबंध में विस्तार से बताने का आग्रह किया तो श्रीकृष्ण ने द्रोपदी को इस व्रत के महत्व को दर्शाती कथा सुनानी आरंभ की।

भगवान श्रीकृष्ण ने बताया कि इन्द्रप्रस्थ नगरी में वेद नामक एक धर्मपरायण ब्राह्मण के सात पुत्र व एक पुत्री थी। विवाह के बाद जब पुत्री पहली करवा चौथ पर मायके आई तो उसने मायके में ही करवा चौथ का व्रत रखा लेकिन चन्द्रोदय से पूर्व ही उसे भूख सताने लगी तो अपनी लाड़ली बहन की यह वेदना भाईयों से देखी न गई। उन्होंने बहन से व्रत खोलने का आग्रह किया पर वह इसके लिए तैयार न हुई। तब भाईयों ने मिलकर एक योजना बनाई। उन्होंने एक पीपल के वृक्ष की ओट में प्रकाश करके बहन को कहा कि देखो चन्द्रमा निकल आया है। बहन भोली थी, इसलिए भाईयों की बात पर विश्वास करके उसने उस प्रकाश को ही चन्द्रमा मानकर उसे ही अर्ध्य देकर व्रत खोल लिया लेकिन जब अगले दिन वह ससुराल पहुंची तो पति को बहुत बीमार पाया। दिन ब दिन पति की बीमारी बढ़ती गई और सारी जमा पूंजी पति की बीमारी में ही लग गई तो उसने मंदिर में जाकर गणेश जी की स्तुति करनी शुरू की। उसकी प्रार्थना पर प्रसन्न होकर गणेश ने उसके समक्ष प्रकट होकर कहा कि तुमने करवा चौथ का व्रत पूरे विधि विधान से नहीं किया, इसीलिए तुम्हारे पति की यह दशा हुई है। यदि तुम यह व्रत पूरे विधि विधान एवं निष्ठा के साथ करो तो तुम्हारा पति पूरी तरह ठीक हो जाएगा। उसके बाद उसने करवा चौथ का व्रत पूरे विधि विधान के साथ किया और इसके प्रभाव से उसका पति ठीक हो गया।

यह कथा सुनाने के बाद भगवान श्रीकृष्ण ने द्रोपदी से कहा कि यदि तुम भी इसी प्रकार विधिपूर्वक सच्चे मन से करवा चौथ का व्रत करो तो तुम्हारे समस्त संकट अपने आप दूर हो जाएंगे। तब द्रोपदी ने करवा चौथ का व्रत रखा और उसके व्रत के प्रभाव से महाभारत के युद्ध में पांडवों की विजय हुई। अतः करवा चौथ के व्रत के उद्गम को इस प्रसंग से भी जोड़कर देखा जाता है और कहा जाता है कि इसी के बाद सुहागिनें 'करवा चौथ' व्रत रखने लगी। इस पर्व से संबंधित और भी कई कथाएं प्रचलित हैं, जिनमें सत्यवान और सावित्री की कहानी तथा करवा नामक एक धोबिन की कहानी भी बहुत प्रसिद्ध हैं।

इस पर्व की शुरूआत एक बहुत अच्छे विचार पर आधारित थी मगर समय के साथ इस पर्व का मूल विचार और परिदृश्य बदल रहा है। पौराणिक कथाओं के अनुसार इस व्रत का फल तभी है, जब यह व्रत करने वाली महिला भूलवश भी झूठ, कपट, निंदा, अभिमान न करे। इस व्रत से जहां पति के प्रति पत्नी की निष्ठा एवं समर्पण भाव परिलक्षित होता है, वहीं यह पर्व दाम्पत्य जीवन में आपसी विश्वास और भरोसे को मजबूत करने तथा संबंधों में मधुरता घोलने का त्यौहार है। सही मायने में करवा चौथ दाम्पत्य जीवन में एक-दूसरे के प्रति समर्पण का अनूठा पर्व है।





## हर दिन करवा चौथ



**डॉ सत्यवान सौरभ**
भिवानी, हरियाणा

जिनके सच्चे प्यार ने,
भर दी मन की थोथ ।
उनके जीवन में रहा,
हर दिन करवा चौथ ।।
हम ये सीखें चाँद से,
होता है क्या प्यार ।
कुछ कमियों के दाग से,
टूटे न ऐतबार ।।
मन ने तेरा व्रत लिया, हुई चाँदनी शाम ।
साथी मैंने कर दिया,
सब कुछ तेरे नाम ।।
मन में तेरा प्यार है, आँखों में तस्वीर
हर लम्हे में है छुपी, बस तेरी तासीर
अब तो मेरी कलम भी,
करती तुमसे प्यार ।
नाम तुम्हारा ही लिखे,
कागज़ पर हर बार ।।
मन चातक ने है रखा,
साथी यूँ उपवास ।
बुझे न तेरे बिन परी,
अब 'सौरभ' की प्यास ।।
तुम राधा, मेरी बनो,
मुझको कान्हा जान ।
दुनिया सारी छोड़कर,
धर लें बस ये ध्यान ।।
मेरे गीतों में बसी, बनकर तुम संगीत
टूटा हुआ सितार हूँ, बिना तुम्हारे मीत
माने कब हैं प्यार ने,
ऊँच-नीच के पाश ।
झुकता सदा ज़मीन पर,
सज़दे में आकाश ।।

# मन की थोथ भरने आता हर साल करवा चौथ




**-प्रियंका सौरभ**
हिसार (हरियाणा)

बदलते समय में खासकर नवविवाहितों के बीच पतियों ने भी अपनी पत्नियों के लिए व्रत रखना शुरू कर दिया है। इस प्रकार अब, एक पुराना त्योहार ग्रामीण और शहरी सामाजिक परिवेश दोनों में अपने पुनर्निमाण के माध्यम से लोकप्रिय बना हुआ है। हमारे यहाँ करवा चौथ से जुड़ी कई पौराणिक कथाएं हैं। मगर सबसे लोकप्रिय सावित्री और सत्यवान से संबंधित है जिसमें सावित्री ने अपने पति को अपनी प्रार्थना और दृढ़ संकल्प के साथ मृत्यु के चंगुल से वापस लाया। जब भगवान यम सत्यवान की आत्मा को प्राप्त करने आए, तो सावित्री ने उन्हें जीवन प्रदान करने की भीख मांगी। जब उन्होंने मना कर दिया, तो उसने खाना-पीना बंद कर दिया और यम का पीछा किया जो उसके मृत पति को ले गया। यम ने कहा कि वह अपने पति के जीवन के अलावा कोई अन्य वरदान मांग सकती है। सावित्री ने उससे कहा कि उसे संतान की प्राप्ति हो। यम राजी हो गए। ÷पति-व्रत÷ (समर्पित) पत्नी होने के नाते, सावित्री कभी भी किसी अन्य व्यक्ति को अपने बच्चों का पिता नहीं बनने देगी। ऐसे में यम के पास सावित्री के पति को फिर से जीवित करने के अलावा और कोई चारा नहीं बचा था।

करवा चौथ विवाहित हिंदू महिलाओं द्वारा प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला एक त्योहार है जिसमें वे सूर्योदय से चंद्रोदय तक उपवास रखकर पति की भलाई और दीर्घायु के लिए प्रार्थना करती हैं। यह त्यौहार अविवाहित महिलाओं द्वारा भी मनाया जाता है जो मनचाहा जीवनसाथी पाने की आशा में प्रार्थना करती हैं। यह हिंदू चंद्र कैलेंडर के कार्तिक महीने में अंधेरे पखवाड़े (कृष्ण पक्ष या चंद्रमा के घटते चरण) के चौथे दिन पड़ता है। तारीख मोटे तौर पर मध्य से अक्टूबर के अंत के बीच कभी भी हो सकती है। यह मुख्य रूप से उत्तरी भारत के राज्यों जैसे पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में मनाया जाता है। करवा चौथ शब्द दो शब्दों %करवा% से बना है, जिसका अर्थ है टोंटी वाला मिट्टी का बर्तन और %चौथ% जिसका अर्थ है चौथा। मिट्टी के बर्तन का बहुत महत्व है क्योंकि इसका उपयोग महिलाओं द्वारा त्योहार की रस्मों के हिस्से के रूप में चंद्रमा को जल चढ़ाने के लिए किया जाता है। ऐसा कहा जाता है कि इस त्योहार की शुरुआत तब हुई जब महिलाएं अपने पति की सुरक्षित वापसी के लिए प्रार्थना करने लगीं, जो दूर देशों में युद्ध लड़ने गए थे। यह भी माना जाता है कि यह फसल के मौसम के अंत को चिह्नित करने के लिए मनाया जाता है। मूल जो भी हो, त्योहार पारिवारिक संबंधों को मजबूत करने का अवसर प्रदान करता है।

त्योहार में एक निर्जला व्रत रखना शामिल है जिसमें महिलाएं दिन भर न तो खाती हैं और न ही पानी की एक बूंद लेती हैं और पार्वती के अवतार देवी गौरी की पूजा की जाती है, जो लंबे और सुखी वैवाहिक जीवन के लिए आशीर्वाद देती हैं। करवा चौथ से जुड़ी कई पौराणिक कथाएं हैं। सबसे लोकप्रिय सावित्री और सत्यवान से संबंधित है जिसमें सावित्री ने अपने पति को अपनी प्रार्थना और दृढ़ संकल्प के साथ मृत्यु के चंगुल से वापस लाया। जब भगवान यम सत्यवान की आत्मा को प्राप्त करने आए, तो सावित्री ने उन्हें जीवन प्रदान करने की भीख मांगी। जब उसने मना कर दिया, तो उसने खाना-पीना बंद कर दिया और यम का पीछा किया जो उसके मृत पति को ले गया। यम ने कहा कि वह अपने पति के जीवन के अलावा कोई अन्य वरदान मांग सकती है। सावित्री ने उससे कहा कि उसे संतान की प्राप्ति हो। यम राजी हो गए। पति-व्रत (समर्पित) पत्नी होने के नाते, सावित्री कभी भी किसी अन्य व्यक्ति को अपने बच्चों का पिता नहीं बनने देगी। यम के पास सावित्री के पति





को फिर से जीवित करने के अलावा और कोई चारा नहीं बचा था।

ऐसी ही एक और कहानी है सात प्यारे भाइयों की इकलौती बहन वीरवती की। जब भाइयों ने उसे पूरे दिन उपवास करते हुए नहीं देखा तो उन्होंने उसे यह विश्वास दिलाने के लिए गुमराह किया कि चाँद उग आया है। वीरवती ने अपना उपवास तोड़ा और भोजन किया लेकिन जल्द ही उन्हें अपने पति की मृत्यु की खबर मिली। उसने पूरे एक साल तक प्रार्थना की और देवताओं ने उसकी भक्ति से प्रसन्न होकर उसके पति का जीवन वापस दे दिया। ऐसे ही एक करवा नाम की एक महिला अपने पति के प्रति गहरी समर्पित थी। उनके प्रति उनके गहन प्रेम और समर्पण ने उन्हें शक्ति (आध्यात्मिक शक्ति) दी। नदी में नहाते समय उसके पति को मगरमच्छ ने पकड़ लिया। करवा ने मगरमच्छ को सूती धागे से बांध दिया और यम (मृत्यु के देवता) को मगरमच्छ को नरक भेजने के लिए कहा। यम ने मना कर दिया। करवा ने यम को श्राप देने और उसे नष्ट करने की धमकी दी। पति-व्रत (भक्त) पत्नी द्वारा शाप दिए जाने के डर से यम ने मगरमच्छ को नरक भेज दिया और करवा के पति को लंबी उम्र का आशीर्वाद दिया। करवा और उनके पति ने कई वर्षों तक वैवाहिक आनंद का आनंद लिया। आज भी करवा चौथ को बड़ी आस्था और विश्वास के साथ मनाया जाता है।

देश में करवा चौथ से संबंधित उत्सव सुबह जल्दी शुरू होते हैं जहां विवाहित महिलाएं सूरज उगने से पहले उठती हैं और तैयार हो जाती हैं। करवा चौथ से एक रात पहले, महिला की मां बया भेजती है जिसमें उसकी बेटी के लिए कपड़े, नारियल, मिठाई, फल और सिंदूर (सिंदूर) और सास के लिए उपहार होते हैं। तब बहू को अपनी सास द्वारा दी गई सरगी (करवा चौथ के दिन सूर्योदय से पहले खाया गया भोजन) खाना चाहिए। इसमें ताजे फल, सूखे मेवे, मिठाई, चपाती और सब्जियां शामिल हैं। जैसे ही दोपहर आती है, महिलाएं अपनी-अपनी थालियों (एक बड़ी प्लेट) के साथ आ जाती हैं। इसमें नारियल, फल, मेवा, एक दीया, एक गिलास कच्ची लस्सी (दूध और पानी से बना पेय), मीठी मठरी और सास को दिए जाने वाले उपहार शामिल हैं। थाली को कपड़े से ढक दिया जाता है। तब महिलाएं एक साथ आती हैं और गौरा मां (देवी पार्वती) की मूर्ति की परिक्रमा करती हैं और करवा चौथ की कहानी एक बुद्धिमान बुजुर्ग महिला द्वारा सुनाई जाती है जो यह सुनिश्चित करती है कि पूजा सही तरीके से हो। इसके बाद महिलाएं थालियों को घेरे में घुमाना शुरू कर देती हैं। इसे थाली बटाना कहते हैं। यह अनुष्ठान सात बार किया जाता है। पूजा के बाद, महिलाएं अपनी सास के पैर छूती हैं और उन्हें सम्मान के प्रतीक के रूप में सूखे मेवे भेंट करती हैं।

व्रत तोड़ा तब होता है जब चंद्रमा अंधेरे आकाश में चमकता है। वे एक चन्नी (छलनी) और एक पूजा थाली ले जाते हैं जिसमें एक दीया (गेहूं के आटे से बना), मिठाई और एक गिलास पानी होता है। वे ऐसी जगह जाते हैं जहां चांद साफ दिखाई देता है, आमतौर पर छत। वे चलनी से चाँद को देखती हैं और चाँद को कच्ची लस्सी चढ़ाती हैं और अपने पति के लिए प्रार्थना करती हैं। अब पति वही कच्ची लस्सी और पत्नी को मिठाई खिलाता है और वह अपने पति के पैर छूती है। दोनों अपने बुजुर्गों का आशीर्वाद लेते हैं और ऐसे ही व्रत तोड़ा जाता है। करवा चौथ के दिन पंजाबियों के बीच रात के खाने में कोई भी साबूत दाल जैसे लाल बीन्स, हरी दालें, पूरी (तली हुई भारतीय फ्लैटब्रेड), चावल और बया की मिठाइयाँ शामिल होती हैं। वर्तमान समय में बॉलीवुड फिल्मों और टेलीविजन शो में इसके चित्रण के कारण इस त्योहार से जुड़े अनुष्ठानों में समय के साथ बदलाव आया है। इसने इस त्योहार को भारत के ऐसे हिस्सों में लोकप्रिय बनाने में भी मदद की है जहाँ इसे पारंपरिक रूप से नहीं मनाया जाता था। अब बदलते समय में खासकर नवविवाहितों के बीच पतियों ने भी अपनी पत्नियों के लिए व्रत रखना शुरू कर दिया है। इस प्रकार, एक पुराना त्योहार ग्रामीण और शहरी सामाजिक परिवेश दोनों में अपने पुनर्निमाण के माध्यम से लोकप्रिय बना हुआ है।


## करवा चौथ



**पूनम शर्मा स्नेहिल**
गोरखपुर उत्तर प्रदेश

आया पर्व सुहाग का,लगे हिना हर हाथ।
मांगे गोरी हर घड़ी, बस साजन का साथ।।
रीत प्रीत की ये सदा ,महके दिन और रात।
पिया तुम्हारे बिन नहीं,अब तो कुछ भी भात।।
चूड़ी कंगना ये कहे ,रहना संग हर हाल।
चमके तेरे नाम से, साजन मेरा भाल।।
एक चांद अंबर चढ़ा ,इक है मेरे पास।
बिन इसके आता नहीं ,कुछ भी मुझको रास।।
पायल की रुनझुन सदा,पी मन को हर्षाए ।
नैन झुका सजनी सदा, पी को पास बुलाए।।
निर्जला उपवास कर, चांद को पूजन जाय।
अखंड रहे सौभाग्य मम, ईश से यही मनाय।।
गौरी शंकर की तरह, जोड़ी ये मुस्काय।
उनका यदि आशीष हो,अखंड सुहाग कहाय।।
नैन पिय के देख कर,सजनी खिल खिल जाए।
साजन को जो देख ले, सजनी भी मुस्काए।।
करवा चौथ का पर्व ये, मिलकर साथ मनाए।
सजनी को साजन सदा, मन में बहुत रिझाए।।

# पति-पत्नी के पवित्र रिश्तों का पर्व है करवा चौथ



**रमेश सर्राफ धमोरा**
झुंझुनू, राजस्थान

भारत एक धर्म प्रधान व आस्थावान देश हैं। यहां साल के सभी दिनो का महत्व होता है तथा साल का हर दिन पवित्र माना जाता है। भारत में करवा चौथ हिन्दुओं का एक प्रमुख त्योहार है। यह भारत के राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और पंजाब का पर्व है। यह कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाता है। यह व्रत सुबह सूर्योदय से पहले करीब 4 बजे के बाद शुरू होकर रात में चन्द्रमा दर्शन के बाद सम्पूर्ण होता है। ग्रामीण स्त्रियों से लेकर आधुनिक महिलायें करवा चौथ का व्रत बड़ी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ रखती हैं।

करवा चौथ का व्रत हर साल महिलाओं द्वारा अपने पतियों के लिए किया जाता हैं और यह न केवल एक त्यौहार है बल्कि यह पति-पत्नी के पवित्र रिश्तों का पर्व है। कहने को तो करवा चौथ का त्यौहार एक व्रत है लेकिन यह नारी शक्ति और उसकी क्षमताओं का सवश्रेष्ठ उदहारण हैं। क्योंकि नारी अपने दृढ़ संकल्प से यमराज से भी अपने पति के प्राण ले आती हैं तो फ़िर वह क्या नहीं कर सकती हैं। आज के नये जमाने में भी हमारे देश में महिलायें हर वर्ष करवा चौथ का व्रत पहले की तरह पूरी निष्ठा व भावना से मनाती है। आधुनिक होते समाज में भी महिलायें अपने पति की दीर्घायु को लेकर सचेत रहती है। इसीलिये वो पति की लम्बी उम्र की कामना के साथ करवा चौथ का व्रत रखना नहीं भूलती है। पत्नी का अपने पति से कितने भी गिले-शिकवे रहें हो मगर करवा चौथ आते-आते सब भूलकर वो एकाग्र चित्त से अपने सुहाग की लम्बी उम्र की कामना से व्रत जरूर करती है।

किसी भी आयु, जाति, वर्ण, संप्रदाय की सौभाग्यवती स्त्रियों को ही यह व्रत करने का अधिकार है। जो सुहागिन स्त्रियां अपने पति की आयु, स्वास्थ्य व सौभाग्य की कामना करती हैं वे व्रत रखती हैं। बालू अथवा सफेद मिट्टी की वेदी पर शिव-पार्वती, स्वामी कार्तिकेय, गणेश एवं चंद्रमा की स्थापना करें। मूर्ति के अभाव में सुपारी पर नाल बांधकर ईश्वर का स्मरण कर स्थापित करें। पश्चात यथाशक्ति देवों का पूजन करें। करवों में लड्डू का नैवेद्य रखकर नैवेद्य अर्पित करें। एक लोटा, एक वस्त्र व एक विशेष करवा दक्षिणा के रूप में अर्पित कर पूजन समापन करें। दिन में करवा चौथ व्रत की कथा पढ़ें अथवा सुनें।



यह व्रत लगातार 12 अथवा 16 वर्ष तक हर वर्ष किया जाता है। अवधि पूरी होने के पश्चात इस व्रत का उद्यापन किया जाता है। जो सुहागिन स्त्रियां आजीवन रखना चाहें वे जीवनभर इस व्रत को कर सकती हैं। इस व्रत के समान सौभाग्यदायक व्रत अन्य कोई दूसरा नहीं है। इसीलिये सुहागिन स्त्रियां अपने सुहाग की रक्षार्थ इस व्रत का सतत पालन करती है।

शास्त्रों के अनुसार पति की दीर्घायु एवं अखण्ड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए इस दिन भालचन्द्र गणेश जी की पूजा-अर्चना की जाती है। करवा चौथ में दिन भर उपवास रखकर रात में चन्द्रमा को अर्ध्य देने के उपरान्त ही भोजन करने का विधान है। वर्तमान समय में करवा चौथ व्रतोत्सव ज्यादातर महिलाएं अपने परिवार में प्रचलित प्रथा के अनुसार ही मनाती हैं। लेकिन अधिकतर स्त्रियां निराहार रहकर चन्द्रोदय की प्रतीक्षा करती हैं।

सायंकाल चंद्रमा के उदित हो जाने पर चंद्रमा का पूजन कर अर्ध्य प्रदान करें। इसके पश्चात ब्राह्मण, सुहागिन स्त्रियों व पति के माता-पिता को भोजन कराएं। भोजन के पश्चात ब्राह्मणों को यथाशक्ति दक्षिणा दें। अपनी सासूजी को वस्त्र व विशेष करवा भेंट कर आशीर्वाद लें। यदि वे न हों तो उनके तुल्य किसी अन्य स्त्री को भेंट करें। इसके पश्चात स्वयं व परिवार के अन्य सदस्य भोजन करें। कार्तिक कृष्ण पक्ष की चंद्रोदय व्यापिनी चतुर्थी अर्थात उस चतुर्थी की रात्रि को जिसमें चंद्रमा दिखाई देने वाला है। उस दिन प्रातः स्नान करके अपने पति की आयु, आरोग्य, सौभाग्य का संकल्प लेकर दिनभर निराहार रहें। उस दिन भगवान शिव-पार्वती, स्वामी कार्तिकेय, गणेश एवं चंद्रमा का पूजन करें। शुद्ध घी में आटे को सेंककर उसमें शक्कर अथवा खांड मिलाकर नैवेद्य हेतु लड्डू बनाएं। काली मिट्टी में शक्कर की चासनी मिलाकर उस मिट्टी से तैयार किए गए मिट्टी के अथवा तांबे के बने हुए अपनी सामर्थ्य अनुसार 10 अथवा 13 करवे रखें।


करवा चौथ के बारे में व्रत करने वाली महिलाएं कहानी सुनती है। एक बार पांडु पुत्र अर्जुन तपस्या करने नीलगिरी नामक पर्वत पर गए। इधर द्रोपदी बहुत परेशान थीं। उनकी कोई खबर न मिलने पर उन्होंने कृष्ण भगवान का ध्यान किया और अपनी चिंता व्यक्त की। कृष्ण भगवान ने कहा बहना इसी तरह का प्रश्न एक बार माता पार्वती ने शंकरजी से किया था। पूजन कर चंद्रमा को अर्ध्य देकर फिर भोजन ग्रहण किया जाता है। सोने, चाँदी या मिट्टी के करवे का आपस में आदान-प्रदान किया जाता है। जो आपसी प्रेम-भाव को बढ़ाता है। पूजन करने के बाद महिलाएँ अपने सास-ससुर एवं बड़ों को प्रणाम कर उनका आशीर्वाद लेती हैं। तब शंकरजी ने माता पार्वती को करवा चौथ का व्रत बतलाया।

इस व्रत को करने से स्त्रियां अपने सुहाग की रक्षा हर आने वाले संकट से वैसे ही कर सकती हैं जैसे एक ब्राह्मण ने की थी। प्राचीनकाल में एक ब्राह्मण था। उसके चार लडके एवं एक गुणवती लडकी थी। एक बार लडकी मायके में थी। तब करवा चौथ का व्रत पड़ा। उसने व्रत को विधिपूर्वक किया। पूरे दिन निर्जला रही। कुछ खाया-पीया नहीं, पर उसके चारों भाई परेशान थे कि बहन को प्यास लगी होगी, भूख लगी होगी, पर बहन चंद्रोदय के बाद ही जल ग्रहण करेगी। भाइयों से न रहा गया उन्होंने शाम होते ही बहन को बनावटी चंद्रोदय दिखा दिया। एक भाई पीपल की पेड़ पर छलनी लेकर चढ़ गया और दीपक जलाकर छलनी से रोशनी उत्पन्न कर दी। तभी दूसरे भाई ने नीचे से बहन को आवाज दी देखो बहन, चंद्रमा निकल आया है। पूजन कर भोजन ग्रहण करो।

बहन ने भोजन ग्रहण किया। भोजन ग्रहण करते ही उसके पति की मृत्यु हो गई। अब वह दुःखी हो विलाप करने लगी। तभी वहां से रानी इंद्राणी निकल रही थीं। उनसे उसका दुःख न देखा गया। ब्राह्मण कन्या ने उनके पैर पकड़ लिए और अपने दुःख का कारण पूछा। तब इंद्राणी ने बताया कि तूने बिना चंद्र दर्शन किए करवा चौथ का व्रत तोड़ दिया इसलिए यह कष्ट मिला। अब तू वर्ष भर की चौथ का व्रत नियमपूर्वक करना तो तेरा पति जीवित हो जाएगा। उसने इंद्राणी के कहे अनुसार चौथ व्रत किया तो पुनः सौभाग्यवती हो गई। इसलिए प्रत्येक स्त्री को अपने पति की दीर्घायु के लिए यह व्रत करना चाहिए। द्रोपदी ने यह व्रत किया और अर्जुन सकुशल मनोवांछित फल प्राप्त कर वापस लौट आए। तभी से हिन्दू महिलाएं अपने अखंड सुहाग के लिए करवा चौथ व्रत करती हैं।

कहते हैं इस प्रकार यदि कोई मनुष्य छल-कपट, अहंकार, लोभ, लालच को त्याग कर श्रद्धा और भक्तिभाव पूर्वक चतुर्थी का व्रत को पूर्ण करता है। तो वह जीवन में सभी प्रकार के दुखों और क्लेशों से मुक्त होता है और सुखमय जीवन व्यतीत करता है। भारत देश में चौथ माता का सबसे अधिक ख्याति प्राप्त मंदिर राजस्थान राज्य के सवाई माधोपुर जिले के चौथ का बरवाड़ा गांव में स्थित है। चौथ माता के नाम पर इस गांव का नाम बरवाड़ा से चौथ का बरवाड़ा पड़ गया। यहां के चौथ माता मंदिर की स्थापना महाराजा भीमसिंह चौहान ने करवाया था।

## करवा चौथ




**प्रोफेसर शाम लाल कौशल**
रोहतक हरियाणा

पौराणिक परंपराओं के मुताबिक हमारे देश में पत्नियों द्वारा पत्तियों के कल्याण एवं दीर्घायु के लिए कार्तिक मास में करवा चौथ का व्रत रखने की परंपरा है! इस दिन पत्नियों सारा दिन खाना तो दूर की बात पानी की बूंद तक भी नहीं पीती! शाम को करवा चौथ की कथा सुनती हैं और फिर रात को चंद्रमा के निकलने पर उनका पति उन्हें व्रत खोलने के लिए जल पिलाता है! कहा जाता है कि पुराने समय में जब पत्नियों और बच्चों की सुरक्षा का काम पत्तियों के जिम्मे होता था तब साल में एक विशेष दिन पत्नियां करवा चौथ का व्रत रख कर अपने पतियों की दीर्घायु के लिए परमात्मा से प्रार्थना करती थी!

लेकिन अब जमाना बदल गया है! लोगों का मानना है कि पत्नियों द्वारा पतियों की दीर्घायु के लिए व्रत रखना तथा पानी तक भी ना पीना पुरुष प्रधान समाज में स्त्रियों को जलील करने का एक तरीका है! जब पति शराबी कबाबी हो, पत्नी के साथ मारपीट करता हो आमदनी का एक बड़ा भाग शराब, वेश्यावृत्ति आदि में लगा देता हो और घर का गुजारा करने में तकलीफ होती हो, कोई पत्नी ऐसे गैर जिम्मेदार पति की दीर्घायु के लिए व्रत रखकर सारा दिन भूखी क्यों मरेगी? पूछा जा सकता है कि पुरुष के भले के लिए स्त्री ही कुछ ना कुछ करती है, पुरुष स्त्री के लिए कुछ क्यों ना करें? आज जमाना बदल गया है! करवा चौथ का व्रत पहले की तरह प्रासंगिक नहीं है! वैसे तो कोई भी रखा गया व्रत स्वास्थ्य तथा मानसिक शांति के लिए उपयोगी होता है, लेकिन इस व्रत को रखना पति पत्नी के लिए आजकल संभव नहीं! आज के कामकाजी पति पत्नी कई बार एक जगह काम नहीं करते जिससे पति लोग अपनी पत्नियों का व्रत नहीं खुलवा सकते! और अगर एक ही स्थान पर तैनात भी हों तो ड्यूटी का समय अलग-अलग होने पर व्रत कार निभाना आसान नहीं होता! आजकल के पति पत्नी आमतौर पर छोटी छोटी बात पर झगड़ते रहते हैं, उनमें आपसी ईर्ष्या, अविश्वास, ईगो, टकराव, सहयोग तथा समर्पण भावना का अभाव होता है, ऐसे में पत्नी अपने पति के हित के लिए व्रत रखने में असहज महसूस करती है! बेशक आजकल कुछ पति पत्नियों के साथ करवा चौथ का व्रत रखने लगे हैं लेकिन इसके बावजूद भी इस व्रत की महानता उतनी नहीं रह जाती! इसके अलावा इस व्रत को रखना पत्नी के लिए इसलिए भी अनावश्यक हो जाता है क्योंकि वह आर्थिक तौर पर स्वाबलंबी है और किसी तरह सुरक्षा हेतु पति पर निर्भर नहीं करती! पहले समय में पत्नी द्वारा पति के हित के लिए व्रत रखना उस पर आर्थिक दृष्टि से निर्भर करना मुख्य आधार माना जाता था! बेशक हमारे देश में कुछ पत्नियां करवा चौथ का व्रत रखती हैं, इस दिन वे खूब हार सिंगार करती हैं, पूजा पाठ करती हैं, उसका पति तथा ससुराल वाले उसे इस दिन उपहार भी देते हैं परंतु क्योंकि पति पत्नी एक दूसरे के प्रति ईमानदार, वफादार, समर्पित तथा सहनशील नहीं होते, इस व्रत का कोई फायदा नहीं! अगर कोई पत्नी किसी कारण से इस व्रत को ना रखना चाहे तो उसे मजबूर बिल्कुल नहीं करना चाहिए! अगर पति पत्नी का आपस में दिल से प्रेम, विश्वास, प्यार, सम्मान, सहयोग, वफादारी, ईमानदारी तथा समर्पण भावना हो तथा किसी तीसरे में दिलचस्पी ना हो तो वो करवा चौथ का व्रत रखे बिना भी एक दूसरे की दीर्घायु तथा कल्याण हेतु सहायक साबित हो सकते हैं!

## तिनका और मैं



**गरिमा राकेश गौत्तम गर्विता**
कोटा राजस्थान

अपने सपनों में खोयी मैं
स्वयं को बड़ा मान रही थी।
घमंड से परिपूर्ण मैं मन में ऐठ रही थी।
लग रहा था मुझे मेरे आगे कोई
टिक नही सकता,
मेरी सुंदरता के आगे कोई रह नही सकता।
अभी तो मैं अपने
गुरुर के चरम भी नही पहुँची थी
कि .........
उड़ कई से एक तिनका
मेरी आँख में आया,
और पलभर में ही मुझे तड़पा गया।
मसलती रही आँखों को
उसे निकालने की कोशिश करती रही,
और वो लाल कर आँखों को,
अश्रु निकालता रहा।
जब कई प्रयासों के बाद
तिनका बाहर आया,
संग मेरी अकड़ भी ले आया।
मैं जो स्वयं को बड़ा समझ रही थी
वो तो एक तिनके के आगे भी
लाचार खड़ी थी।

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# अपनी आंखों को करें प्यार और उसे रखें सुरक्षित

-संवाददाता-

**अम्बिकापुर 12 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।** विश्व दृष्टि दिवस अक्टूबर के दूसरे गुरुवार को विश्व स्वास्थ्य संगठन एवं (प्रिवेंशन ऑफ ब्लाइंडनेस) द्वारा मनाया जाता है। जिसका मुख्य उद्देश्य नेत्र दृष्टि के बचाव वा समय पर उपचार हेतु लोगों को जन जागरूकता लान शासन स्तर पर प्रयास किया जाता है। वर्ष 2022 का थीम लव योर आई है। जिसका मतलब अपनी आंखों को प्यार करें। आंखों के स्वास्थ्य पर ध्यान देना और उसे सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी हम सबकी है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के दिशा निर्देश में विकासखण्ड स्तर पर नेत्र सहायक अधिकारियों द्वारा लोगों में जागरूकता एवं स्कूलों में छात्र-छात्रों के बीच जाकर मंत्र स्वास्थ्य सुरक्षा, शिक्षा एवं पीड़ित व्यक्तियों को उचित सलाह दिया जा रहा है। साथ ही रैली, भाषण, निबंध स्कूलों में आयोजित किए जाएंगे। डॉ. रजत टोप्पो नेत्र सर्जन नोडल अधिकारी अंधत्य कार्यक्रम द्वारा मंत्र स्वास्थ्य के लिए निम्न सुझाव जन जागरूकता हेतु दिया गया।



### नेत्र स्वास्थ्य के दिये सुझाव

अच्छा खायें आहार में अधिक मात्रा में हरी सब्जी एवं पीले फल व लाल फल को शामिल करें। धूम्रपान से बचे धूम्रपान मोतियाबिंद जैस ऑप्टिक नर्व नुकसान होने से लाइलाज नेत्र की परेशानी हो सकती है, इस लिए धूम्रपान से बचें। आंखों को पराबैगनी किरणों से बचाने के लिए धूप का चश्मा पहने। आंखों की दुर्घटना से बचाएं, जैसे आतिशबाजी, तीर-कमान, गुल्ली डंडा तथा खेलते समय सावधानी बरतें। स्वच्छता बनाए रखें अपनी आंखों को छूने से पहले अपनी हाथो को अच्छी तरह से धोए । आंखों की जांच नियमति कराएं। विशेषकर उच्चरक्तचाप, डाइविटिक से पीड़ित एवं बुजूर्ग व्यक्तियों को कम्प्यूटर में काम करने वाले व्यक्ति। आंखों के संक्रमण से बचने के लिए चिकित्सक द्वारा प्रिस्का करें बिना दवाओं का सेवन वा इस्तेमाल न करें। नियमित योग व व्यायाम करें और अपने शरीर की तंदरूस्ती के साथ आंखों को स्वास्थ रखें।

# मुकेश अग्रवाल बने प्लाई एसोसिएशन के अध्यक्ष







-संवाददाता-

**अम्बिकापुर 12 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।** प्लाई एसोसिएशन की मीटिंग मंगलवार को आयोजन सुशील अग्रवाल की अध्यक्षता में लालमटी फ़र्म हाउस में किया गया। जिसमें सर्वसम्मती से मुकेश अग्रवाल ( शंकर ट्रेडर्स) को प्लाई एसोसिएशन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया , चंचल अग्रवाल जी को उपाध्यक्ष, मुकेश शर्मा जी को सचिव ,आशीष गोयल जी को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है ।आज की मीटिंग में सुशील अग्रवाल, जीडी. अग्रवाल, श्याम किशोर गुप्ता के मार्ग दर्शन में मीटिंग का आयोजन किया गया सभी नवनियुक्त पदाधिकारी को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

## विभागीय समीक्षा बैठक आज

-संवाददाता-

**अम्बिकापुर 12 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।** छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के मंत्री श्री टीएस सिंहदेव की अध्यक्षता में 13 अक्टूबर 2022 को संभाग स्तरीय विभागीय समीक्षा बैठक ली जाएगी। यह बैठक प्रातः 10 बजे से हॉटल ग्रैंड बसंत खरसिया रोड अम्बिकापुर में आहुत की गई है। बैठक में संभाग के समस्त खंड चिकित्सा अधिकारी, डीपीएम, अस्पताल सलाहकार, बीपीएम की उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है।

# ग्रूप डांस में नित्या राजन ग्रूप ने जीता पहला इनाम

-संवाददाता-

**अम्बिकापुर 12 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।** अनोखी सोच संस्था द्वारा दुर्गा पूजा महोत्सव के दौरान चल रहे डांस प्रतियोगिता का फाइनल राउंड का आयोजन मंगलवार को किया गया। ग्रैंड फिनाले में प्रतिभागियों ने अपनी-अपनी जबरदस्त प्रस्तुति दी। इस दौरान काफी संख्या में दर्शक उपस्थित थे। प्रतियोगिता के ग्रुप डांस में नित्या राजन ग्रुप ने पहला इनाम 1 लाख रुपए की नगद राशि अपने नाम की। इसी तरह एकल सीनियर डांस में मोनू कुजूर ने प्रथम इनाम हासिल किया। संस्था की ओर से उसे ईनाम बतौर स्कूटी प्रदान की गई। एकल जूनियर में निधि एक्का को प्रथम इनाम 42 इंच का एलईडी टीवी सौंपा गया।

गौरतलब है कि शारदीय नवरात्र के दौरान मणिपुर, दर्रीपारा में अनोखी सोच संस्था द्वारा कई प्रतियोगिता का आयोजन प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी किया गया था। नवरात्र के प्रथम दिवस से ही कई आयोजन चल रहे थे पर बारिश के कारण ग्रैंड फिनाले नहीं हो सका था। बारिश रूकने के बाद मंगलवार को ग्रैंड फिनाले का आयोजन किया गया। ग्रैंड फिनाले में जज की भूमिका प्राची जिंदल, मृदुल गुप्ता, कामिनी तिवारी, रमेश द्विवेदी, अंजनी पांडेय, सिब्ते हसन थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केएन सिंह, संजय अंबस्ट, संजय अग्रवाल, सुरेंद्र अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, अशोक सुल्तानिया, गोपाल अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, राजेश गर्ग, नवीन शर्मा, संजय गोयल, मनोज अग्रवाल, रोशन अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, नितिन बंसल, अमित अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, अंकित अग्रवाल व अन्य अतिथि मौजूद रहे। कार्यकम के सफल संचालन में संस्था अध्यक्ष सूर्य प्रकाश साहू , कोषाध्यक्ष अभय साहू , सचिव पंकज चौधरी, बंटी शर्मा, शैलेंद्र सोनी के साथ अन्य सद्स्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई।



### इन्हें भी मिला पुरस्कार

ग्रूप डांस में दूसरा इनाम शिवानी ग्रुप को नगद 50 हजार रुपए, तीसरा इनाम एनटीआर ग्रुप को 25 हजार रुपए नगद दिया गया। इसके साथ साथ एकल सीनियर में दूसरा इनाम नेहा थापा को फ्रिज व तीसरा इनाम सौम्या सारथी को वाशिंग मशीन प्रदान किया गया। सिंगल जूनियर डांस प्रतियोगिता का दूसरा इनाम रौनक मुखर्जी को स्पोर्ट्स साइकिल व तीसरा इनाम प्राची गुप्ता को म्यूजिक सिस्टम दिया गया। जूनियर मेहंदी प्रतियोगिता में पहला इनाम साधना नायक, दूसरा इनाम सृष्टि जयसवाल व तीसरा इनाम दुर्गा साहू को दिया गया। सीनियर मेहंदी प्रतियोगिता में पहला इनाम ज्योति सिदार, दूसरा इनाम रजनी गुप्ता व तीसरा इनाम तान्या साहू को दिया गया। जूनियर रंगोली प्रतियोगिता में पहला इनाम साधना नायक दूसरा इनाम रिधिमा किस्पोट्टा व तीसरा इनाम दुर्गा साहू को दिया गया। सीनियर रंगोली प्रतियोगिता में पहला इनाम नेहा थापा, दूसरा इनाम शीतल साहू व तीसरा इनाम भूमि साहू को सौंपा गया। रस्साकशी प्रतियोगिता में विजेता ममता दास एंड ग्रुप को नगद 5 हजार रुपए व शंख बजा प्रतियोगिता में विजेता भावेश चटर्जी को 2500 रुपए नगद प्रदान किया गया।

# सड़क पर बने गड्ढों में सामाजिक कार्यकर्ताओं ने रोपा धान का पौधा

-संवाददाता-

**अम्बिकापुर 12 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।** तेजस्वी नारी शक्ति सामाजिक संगठन द्वारा बुधवार को अंबिकापुर के जर्जर सड़कों को देखते हुए सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बनारस रोड के गड्ढों में धान का पौधा रोपा। वर्तमान में सड़क की जो हालत है उसे देखते हुए आम नागरिकों को हर दिन विभिन्न प्रकार कि परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई जगह तो सड़क है ही नहीं, गर्भवती महिलाओं तक समय पर महतारी एक्सप्रेस तक नहीं पहुंच पता। जिससे उनके परिजन गर्भवती को खाट पर उठाकर सड़क तक लाना पड़ता है। कई ऐसे वृद्धा मरीज़ है जिनको एंबुलेंस में अस्पताल ले जाते समय खराब सड़कों की वजह से या तो वह समय पर अस्पताल नहीं पहुंच पाते और वहीं दम तोड़ देते हैं। सड़क खराब होने के कारण आए दिन नागरिकों की सड़क दुर्घटना से मौत हो जाती है। जिसके लिए छत्तीसगढ़ कि शासन जिम्मेदार है। सड़क दुर्घटना से मरने वाले प्रत्येक व्यक्ति के परिजन को एक करोड़ रुपए, क्षतिपूर्ति राशि दिया जाए। आने वाले समय पर अगर जल्द सभी जगह की सड़कें नहीं बनती है तो हमारे सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा आंदोलन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से ज्योति चौरसिया, सुनीता सोन्हा, सर्वेश्वरी बागे, रूबीना मंडल, अनीता टेकाम, अंजु यादव, सरीता सिंह, दिपा, सुरजनी, रामपति, प्रसादी, सुरेश राम बुनकर जी, बसंत गिरी जी एवं अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।



## नन्हें गोपाल को मिला जन्म प्रमाण पत्र

### अब हो सकेगा स्कूल में दाखिला



-संवाददाता-

**अम्बिकापुर 12 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।** कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार के त्वरित पहल से नन्हें गोपाल को जन्म प्रमाण मिल गया अब उसका दाखिल स्कूल में हो जाएगा जिससे वह शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा।

दरअसल मंगलवार को कलेक्टोरेट में आयोजित जनचौपाल में अम्बिकापुर के माता राजमोहनी वार्ड निवासी श्रीमती मानकुंवर पति श्री धरमपाल ने अपने 6 वर्षीय पुत्र के जन्म प्रमाणपत्र बनवाने की गुहार कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार से लगाई। उन्होंने बताया कि वह एक अत्यंत गरीब व परित्यक्ता महिला है। उसके पुत्र का जन्म 2016 में हुआ है, आंगन बाड़ी केंद्र से बाल सुरक्षा कार्ड बना है लेकिन जन्म प्रमाणपत्र नहीं होने के कारण स्कूल में प्रवेश नहीं हो रहा है। तहसीलों का कई चक्कर लगाने के बाद भी प्रमाण पत्र नहीं बना।

कलेक्टर ने तत्काल नगर निगम अंतर्गत कार्यरत मितान को बुलवाकर लोक सेवा केंद्र में माध्यम से गोपाल का जन्म प्रमाण पत्र तत्काल बनाकर देने के निर्देश दिए। मितान द्वारा ऑनलाइन फॉर्म भरकर गोपाल का जन्म प्रमाणपत्र उपलब्ध कराया गया। अपने बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र पाकर श्रीमती मानकुंवर ने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त की ।

## निधन

### दुर्योधन सिंह

**अम्बिकापुर 12 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।** सरगवां निवासी दुर्योधन सिंह का 53 वर्ष की आयु में सोमवार की रात निधन हो गया। वे पिछ्ले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार सरगवां स्थित मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि पुत्र राहुल सिंह ने दी। वे अपने पीछे पुत्र-पुत्री समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके अंतिम यात्रा में स्वजन सहित गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

# महामाया पहाड़ में 75 पौधों का रोपण किया गया

-संवाददाता-

**अम्बिकापुर 12 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।** लोकमान्य बालगंगाधर तिलक गणपति स्थापना समिति द्वारा गणपतिधाम (महामाया पहाड़) में 75 पौधों का रोपण किया गया।

रोपण कार्यक्रम में रुद्राक्ष, चंदन,नीम पीपल, करंज, अमरूद, आवला, आम सहित विभिन्न प्रजातिओं का पौधा लगाया गया।

*समिति द्वारा आयोजित गणपति उत्सव कार्यक्रम के संरक्षक भारत सिंह सिसोदिया ने बताया कि प्रतिवर्ष गणपति धाम में 51 पौधा रोपण करने और उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया है। उन्होंने बताया कि आगामी गणपति उत्सव में हिंदू एकता मंच द्वारा महामाया पहाड़ पर स्थित हाथीपखना गणपति धाम से भगवान गणेश की मूर्ति के लिए मिट्टी उठाकर कार्यक्रम की शुरुआत की जाएगी। पौधारोपण की कड़ी में गणपति स्थापना समिति के संरक्षक सदस्य राजीव अग्रवाल ने गणपति धाम में निर्माण के लिए दान स्वरूप एक लाख रुपये देने की घोषणा की।

इस अवसर पर सुधाकर सिंह चुन्नू ने कहा कि आने वाले दिनों के दशहरा उत्सव के शोभा यात्रा की शुरुआत हिंदू एकता मंच द्वारा गणपति धाम से की जाएगी।

इस अवसर पर संतोष बिहाडे गोल्डी, हरमिंदर सिंह टिन्नी, अभिषेक शर्मा, मनीष सिंह, मधु चौदहा, मंजूषा भगत, शैलेन्द्र सिंह शैलू, रूपेश दुबे, सर्वेश तिवारी, प्रियंका चौबे, दिलीप भसीन, आलोक सिंह, अनीश सिंह, शरद सिंह, अमोघ कश्यप, दीपक यादव, प्रियेश अग्रहरि, सक्षम गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



# छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेलों का ग्राम पंचायत उदयपुर में हुआ समापन अतिथियों ने विजय प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत

-संवाददाता-

**उदयपुर 12 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।** ग्राम पंचायत उदयपुर में राजीव युवा मितान क्लब के अंतर्गत ओलंपिक खेल कार्यक्रम किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सिद्धार्थ सिंह देव, शेखर सिंह देव, जनपद सदस्य शांति राजवाड़े सरपंच सोनश्री सचिव खेलो सिंह के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ कराया गया खेलकूद प्रतियोगिता में लंबी कूद, खो खो, रस्साकशी, गिल्ली डंडा कबड्डी गिल्लस बाटी तथा अन्य खेल में ग्राम पंचायत की सैकड़ों बालक बालिकाओं एवं महिला पुरुषों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया है पूरे 6 दिन तक चले खेल प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों में अलग-अलग प्रतिभागी विजयी हुए हैं जिन्हें जोन स्तर पर खेल के लिए भेजा जाएगा ।

समापन के अवसर पर मंगलवार को उपस्थित प्रतिभागियों एवं लोगों को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व मंत्री प्रतिनिधि सिद्धार्थ सिंह देव ने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा ग्रामीण स्तर के लोगों को खेलकूद की गतिविधियों से जोड़ने शुरू किए गए छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का महत्व विस्तार पूर्वक बताया है साथ ही उन्होंने पुराने अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि हम जिन खेलों का नाम भूलते जा रहे हैं उन सभी खेलों को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा ग्राम स्तर पर आयोजित कराया जा रहा है । इन खेलों से हमारा शारीरिक एवं मानसिक विकास होगा एवं खेल के क्षेत्र में लोग नए आयाम स्थापित करेंगे। बालक बालिकाओं महिलाओं पुरुषों ने जिस तरह से इन खेलों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है इसे देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि आज भी लोग खेलों के प्रति कितने जागरूक हैं । कार्यक्रम समापन के अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती भोजवन्ती सिंह ने भी अपने उद्गार व्यक्त किए समापन के अंतिम कड़ी में सभी विजय प्रतिभागियों को कॉपी पेन मेडल ट्रॉफी प्रदान कर उन्हें पुरस्कृत किया गया तथा आगामी जोन एवं ब्लॉक स्तर की खेल के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीजिए

कार्यक्रम में शिक्षक विरेंद्र आदित्य सिंह,अमरेश दास राजीव युवा मितान क्लब के अध्यक्ष कुंजल राजवाड़े सचिव श्रीमती शीला राजवाड़े , कोषाध्यक्ष किरण बारी, सदस्य कविता राजवाड़े कमला राजवाड़े रमेश सिंह ,सुखदेव दिगंबर प्रताप अनीता ,प्रियांसु,उदय सिंह सुख देव , रेफरी कविता राजवाड़े का सराहनीय योगदान रहा है इसके अतिरिक्त उक्त कार्यक्रम में ग्रामवासी भी उपस्थित रहे।



# स्वास्थ्य सचिव आर प्रसन्ना ने आधी रात को किया मेडिकल कॉलेज अस्पताल का औचक निरीक्षण

-संवाददाता-

**अम्बिकापुर 12 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।** सरगुजा कलेक्टर रह चुके आर प्रसन्ना अभी स्वास्थ्य सचिव हैं। वह मंगलवार की आधी रात अचानक मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे। रात करीब 2.30 बजे अचानक स्वास्थ्य सचिव को देख अस्पताल में चिकित्सक व कर्मचारियों के बीच हड़कंप मच गया। स्वास्थ्य सचिव ने मातृ शिशु अस्पताल, एसएनसीएयू, ऑपरेशन थियेटर सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर जानकारी ली। स्वास्थ्य सचिव उदयपुर अस्पताल का निरीक्षण के बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर पहुंचे थे।

गौरतलब है कि संभाग में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का आंकलन करने के लिए गुरुवार को प्रदेश के आला अधिकारी सरगुजा में रहेंगे। इस दौरान मुख्यालय में स्वास्थ्य विभाग की संभागीय समीक्षा की जाएगी। इस समीक्षा बैठक में स्वयं प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री के साथ ही स्वास्थ्य सचिव, डायरेक्टर सहित आला अधिकारी मौजूद रहेंगे। इस बैठक को लेकर जिले में तैयारियां जोर शोर से की जा रही है। बैठक से दो दिन पूव ही सरगुजा कलेक्टर रह चुके स्वास्थ्य सचिव आर प्रसन्ना पहुंच चुके हैं। उन्होंने मंगलवार की रात को सबसे पहले उदयपुर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इसके बाद रात करीब 2.30 बजे अचानक अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे। औचक निरीक्षण की सूचना पर अस्पताल अधीक्षक समेत अन्य अधिकारी भी तत्काल अस्पताल पहुंचे। स्वासस्थ्य सचिव ने मातृ शिशु अस्पताल, एसएनसीएयू, ऑपरेशन थियेटर सहित अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर जानकारी ली। इस दौरान सीएमएचओ पीएस सिसोदिया भी थे।



# स्वास्थ्य मंत्री ने किया जनपद सभाकक्ष एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण

-संवाददाता-

**अम्बिकापुर 12 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।** छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री टीएस सिंहदेव ने बुधवार को उदयपुर के जनपद पंचायत कार्यालय के सभाकक्ष एवं ग्राम सलका में नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का विधिवत पूजा अर्चना कर एवं फीता काट कर लोकार्पण किया। सभाकक्ष का सौंदर्यीकरण जनपद विकास एवं समग्र याद से करीब 13 लाख रुपये की लागत से किया गया है। यह सभाकक्ष जनपद स्तर पर संभाग का सबसे बड़ा और सुसज्जित सभाकक्ष है। उन्होंने सभाकक्ष में एसी की व्यवस्था हेतु राशि उपलब्ध कराने की बात कही। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सलका का निर्माण करीब 75 लाख रुपये की लागत से हुआ है। स्वास्थ्य मंत्री ने स्वास्थ्य केंद्र में व्यवस्थाओं का जायजा लिया व स्वास्थ्य केंद्र में उपस्थित स्टाफ के बारे में जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री सिंहदेव ने कहा कि जनपद कार्यालय के इस सुसज्जित सभाकक्ष में विकास एवं समाज को आगे ले जाने से संबंधित चर्चा, परिचर्चा के साथ ही महत्त्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पंचायतीराज संस्था एक अग्रणी संस्था है। त्रिस्तरीय पंचायतीराज में ग्राम पंचायत सबसे सशक्त इकाई है। हालांकि निगरानी जनपद एवं जिला स्तर पर होती है। जनपदों को जितनी अधिकार होनी चाहिए उतनी उतनी संरचना नहीं बन पाई है। उन्होंने कहा कि सरगुजा अनुसूचित क्षेत्र में आता है जहां पेसा नियम लागू है। पेसा के नए नियम को कैबिनेट द्वारा पास कर दिया गया है। पेसा क्षेत्रों में ग्रामसभा के गठन तथा ग्रामसभा की सशक्तिकरण सहित जल, जंगल और जमीन के अधिकारों से संबंधित है।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ स्थानीय आदिवासी स्वास्थ्य परंपरा एवं वनौषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष श्री बालकृष्ण पाठक, जनपद अध्यक्ष श्रीमती भोजवंती सिंह, उपाध्यक्ष श्री नीरज मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य श्री राजनाथ सिंह, श्रीमती शिवानी जायसवाल, मंडी बोर्ड के अध्यक्ष श्री सिद्धार्थ सिंह जनपद सीईओ श्री पारस पैकरा सहित अन्य अधिकारी व बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



# तेल उत्पादन पर सऊदी अरब ने दिया अमेरिका को झटका,बाइडन करेंगे रिश्तों की समीक्षा

**वाशिंगटन , 12 अक्टूबर 2022।** तेल उत्पादन को लेकर अमेरिका और सऊदी अरब के संबंधों में दरार आने लगी है। व्हाइट हाउस ने मंगलवार को कहा कि तेल उत्पादक देशों के सऊदी नेतृत्व वाले गठबंधन ने उत्पादन को कम करने के लिए रूस का पक्ष लिया है। राष्ट्रपति जो बाइडन रियाद के साथ अमेरिकी संबंधों का पुनर्मूल्यांकन करेंगे। 13 राष्ट्र वाले ओपेक संगठन और मॉस्को के नेतृत्व वाले उसके 10 सहयोगियों ने नवंबर से प्रतिदिन दो मिलियन बैरल उत्पादन कम करने के अपने फैसले से व्हाइट हाउस को नाराज कर दिया है। आशंका है कि इस फैसले से तेल की कीमतें बढ़ सकती हैं।

राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने सीएनएन को बताया, मुझे लगता है कि राष्ट्रपति बहुत स्पष्ट हैं कि यह एक ऐसा रिश्ता है जिसका हमें पुनर्मूल्यांकन जारी रखने की जरूरत है। हमें फिर से विचार करने के लिए तैयार रहने की जरूरत है। निश्चित रूप से ओपेक के फैसले के संदर्भ में ऐसा किया जाना चाहिए।

**बाइडन की सऊदी यात्रा भी काम नहीं आई**

सऊदी के इस निर्णय को व्यापक रूप से अमेरिकी चेहरे पर एक राजनयिक थप्पड़ के रूप में देखा गया था, क्योंकि बाइडन ने जुलाई में सऊदी अरब की यात्रा की थी और पत्रकार जमाल खशोगी की हत्या के बाद इस पर सख्त कदम उठाने की घोषणा के बावजूद क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से मुलाकात की थी। यह बाइडन की डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए एक संवेदनशील क्षण भी है, क्योंकि नवंबर में उन्हें मध्यावधि चुनावों का सामना करना है।



कीमतों में वृद्धि रिपब्लिकन पार्टी के लिए बड़ा मुद्दा होगा।

**सऊदी अरब ने किया फैसले का बचाव** - वहीं, सऊदी अरब ने उत्पादन कटौती का बचाव करते हुए कहा कि ओपेक प्लस की प्राथमिकता एक स्थायी तेल बाजार बनाए रखना है। मंगलवार को सऊदी विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान ने अल-अरबिया चैनल को बताया कि यह कदम विशुद्ध रूप से आर्थिक था और संगठन के सदस्य देशों द्वारा सर्वसम्मति से लिया गया था। ओपेक प्लस के सदस्यों ने जिम्मेदारी से काम किया और उचित निर्णय लिया। किर्बी ने कहा कि सऊदी अरब से रिश्ते को लेकर बाइडन कांग्रेस के साथ काम करने के लिए तैयार हैं। हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि अभी तक कोई औपचारिक चर्चा शुरू नहीं हुई है।

उनकी टिप्पणी प्रभावशाली सीनेट विदेश संबंध समिति के डेमोक्रेटिक अध्यक्ष बॉब मेनेंडेज द्वारा रियाद के साथ सभी तरह के सहयोग को रोकने की मांग के एक दिन बाद आई है। मेनेंडेज ने कहा कि सऊदी ने यूक्रेन में रूस के युद्ध को नजरअंदाज करने का फैसला किया और एक तरह से उसने मास्को को रियायत दे दी जो वैश्विक अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाएगा।

**मेनेंडेज की मांग, तुरंत रोका जाए सहयोग**

मेनेंडेज ने कहा कि अमेरिका को सऊदी अरब के साथ हमारे सहयोग के सभी पहलुओं को तुरंत रोक देना चाहिए, जिसमें हथियारों की बिक्री और सुरक्षा सहयोग शामिल है, जो अमेरिकी कर्मियों और हितों की रक्षा के लिए बहुत जरूरी है। सीनेट की विदेश संबंध समिति के अध्यक्ष के रूप में मैं रियाद के साथ किसी भी सहयोग को तब तक हरी झंडी नहीं दूंगा जब तक कि सऊदी यूक्रेन में युद्ध के संबंध में अपनी स्थिति का पुनर्मूल्यांकन नहीं करता। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अमेरिका और सऊदी अरब के बीच साझेदारी को बंद कर दिया गया था, जिससे सऊदी अरब को तेल तक अमेरिकी पहुंच के बदले सैन्य सुरक्षा प्रदान की गई थी।





# भारतीय उच्चायुक्त से मिले लेबर पार्टी के नेता,व्यापार संबंधों को प्राथमिकता देने की जताई प्रतिबद्धता

**लंदन , 12 अक्टूबर 2022।** ब्रिटेन की विपक्षी लेबर पार्टी चुनाव की तैयारियों में जुटी हुई है। इस बीच पार्टी ने कहा है कि वह भारत के साथ व्यापार संबंधों को प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्ध है।

लेबर पार्टी के नेता सर कीर स्टारर ने लंदन के पास हर्टफोर्डशायर में इंटरनेशनल सोसायटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस (इस्कॉन) मंदिर की यात्रा के दौरान भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोराईस्वामी से मुलाकात की। उन्होंने इस मुलाकात को %फलदायी% बताया। दीपावली के पर्व से पहले लेबर पार्टी के नेता ने ब्रिटिश भारतीय समुदाय के साथ भी बातचीत की। पार्टी के एक प्रवक्ता ने कहा कि लेबर पार्टी नेता और भारतीय उच्चायुक्त ने विभिन्न विषयों पर चर्चा की, जिनमें भारत और ब्रिटेन के बीच संबंधों को मजबूत बनाने के लिए लेबर पार्टी की प्रतिबद्धता भी शामिल है।

# श्रीलंका में चुनाव प्रणाली बदलने के लिए जनमत संग्रह करवाएंगे विक्रमसिंघे

**कोलंबो, 12 अक्टूबर 2022।** श्रीलंका में मौजूदा चुनाव प्रणाली रहे या नहीं, इस सवाल पर जनमत संग्रह कराया जाएगा। ये बात राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने कही है। सरकार की योजना स्थानीय निकायों के लिए चुने जाने वाले सदस्यों की संख्या घटाने की भी है। अभी आठ हजार सदस्य इन निकायों के लिए चुने जाते हैं। लेकिन अगर विक्रमसिंघे सरकार की मंशा पूरी हुई, तो ये तादाद चार हजार के करीब रह जाएगी। राष्ट्रपति जिन निकायों की सदस्य संख्या घटाना चाहते हैं, उनमें महानगरीय परिषद, नगरीय परिषद और प्रदेशीय परिषद शामिल हैं।

इस बयान से देश में चुनाव प्रणाली को बदलने की राष्ट्रपति विक्रमसिंघे की इच्छा फिर चर्चा में आ गई है। इस मुद्दे पर देश में आम सहमति नहीं है। अब इस मामले में विवाद गरमाने की संभावना है। विक्रमसिंघे ने चुनाव प्रणाली बदलने के प्रस्ताव पर विचार के लिए एक संसदीय समिति का गठन करने का एलान किया है। राष्ट्रपति ने कहा है कि अगर ये समिति जुलाई 2023 तक इस बारे में कोई ठोस सुझाव देने में नाकाम रही है, तो देश में जनमत संग्रह कराया जाएगा।



राष्ट्रपति ने पेशवर समूहों के सदस्यों की एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि देश के ज्यादातर लोग मौजूदा चुनाव प्रणाली को ठुकरा चुके हैं। उन्होंने कहा कि श्रीलंका में राजनीतिक भ्रष्टाचार का मुख्य कारण देश की प्रेफरेंशियल वोटिंग सिस्टम (विभिन्न उम्मीदवारों को क्रमिक रूप से वोट देने की प्रणाली) है। उन्होंने कहा कि इसके बदले देश में एकल और आनुपातिक मतदान व्यवस्थाओं की मिश्रित प्रणाली अपनाई जानी चाहिए। साथ ही चुनाव प्रचार पर खर्च होने वाले धन की सीमा तय की जानी चाहिए।

आलोचकों का कहना है कि विक्रमसिंघे सरकार देश को आर्थिक मुसीबत से राहत देने में बिल्कुल नाकाम रही है। जिस समय सबसे जरूरी काम लोगों की आम आर्थिक जिंदगी बहाल करना है, राष्ट्रपति निर्वाचन प्रणाली में बदलाव की बहस लोगों का ध्यान भटकाने के लिए आगे बढ़ा रहे हैं। कई विपक्षी सांसद पहले कह चुके हैं कि विक्रमसिंघे प्रत्यक्ष रूप से निर्वाचित राष्ट्रपति नहीं हैं। उन्हें आपातकालीन प्रावधान के तहत चुना गया है। ऐसे में चुनाव प्रणाली में बुनियादी बदलाव लाने से मुद्दों से दूर रहना चाहिए। अब यह सवाल भी उठाया जा रहा है कि देश का बहुमत मौजूदा चुनाव प्रणाली को ठुकरा चुका है, यह कहने का क्या आधार विक्रमसिंघे के पास है?

लेकिन विक्रमसिंघे ने कहा कि बहुत से लोग प्रिफेरेंशियल सिस्टम के पक्ष में नहीं हैं। उन्होंने दावा किया कि इस सिस्टम को अपनाने के बारे में जरूरी विचार-विमर्श नहीं किया गया था। 1988 में अचानक संसद ने इस सिस्टम को अपनाने का फैसला कर लिया। तभी संसद के सदस्यों की संख्या 196 से बढ़ा कर 225 करने का निर्णय भी लिया गया था।

विक्रमसिंघे ने कहा कि चुनाव प्रणाली बदलने के मुद्दे पर वे न्याय मंत्री के साथ विचार-विमर्श कर चुके हैं। अब सरकार इसके लिए संसदीय समिति बनाने का प्रस्ताव पेश करेगी।

# तालिबान के सदस्यों पर वीजा प्रतिबंध, महिलाओं-लड़कियों के प्रतिनिधित्व के मुद्दे को लेकर अमेरिका नाराज

**वाशिंगटन , 12 अक्टूबर 2022।** विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका ने तालिबान के सदस्यों और अफगानिस्तान में महिलाओं व लड़कियों के दमन के लिए जिम्मेदार अन्य लोगों पर वीजा प्रतिबंध लगाए हैं।

बता दें कि बीते साल 15 अगस्त को तालिबान अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज हुआ है। वर्ल्ड ट्रेड सेंटर समेत अन्य इमारतों पर हुए हमलों के बाद साल 2021 में अमेरिकी सेना अफगानिस्तान में दाखिल हुई थी। इसके बीस साल बाद 2021 में अमेरिकी सैनिकों ने अफगानिस्तान को छोड़ दिया था।



ब्लिंकन ने एक बयान में कहा कि वीजा प्रतिबंध नीति तालिबान के मौजूदा व पूर्व सदस्यों के लिए वीजा प्रतिबंधित करती है। अफगानिस्तान में महिलाओं का दमन और उनके खिलाफ प्रतिबंध की नीतियों व हिंसा के लिए तालिबान के सदस्य, गैर-राज्य सुरक्षा समूहों के सदस्य और अन्य लोगों को जिम्मेदार माना जाता है। बयान में कहा गया है कि ऐसे व्यक्तियों के परिवार के सदस्य भी तत्काल इन प्रतिबंधों (वीजा प्रतिबंध) के अधीन हो सकते हैं। इसमें कहा गया है कि इन दमनकारी नीतियों में लड़कियों व महिलाओं की माध्यमिक या उच्च शिक्षा तक पहुंच रोकना या उन्हें प्रतिबंधित करना, कार्यबल (वर्कफोर्स) में महिलाओं की पूर्ण भागीदारी को रोकना और उनके करियर को चुनने की आजादी को रोकना, महिलाओं के आंदोलन या अभिव्यक्ति को प्रतिबंधित करना, उनके खिलाफ हिंसा और उत्पीड़न शामिल है।

अमेरिकी विदेश मंत्री के मुताबिक, भेदभावपूर्ण नीतियों का पालन न करने पर महिलाओं, लड़कियों या उनके परिवार के सदस्यों की अन्यायपूर्ण गिरफ्तारी और हिरासत में रखने पर भी प्रतिबंध लग सकते हैं।

# पर्ड्यू विश्वविद्यालय में कोरियाई छात्र ने की भारतीय मूल के रूममेट की हत्या, दावा-मुझे ब्लैकमेल किया गया

**वांशिगटन , 12 अक्टूबर 2022।** अमेरिका के प्रतिष्ठित पर्ड्यू विश्वविद्यालय के कोरियन छात्र द्वारा अपने भारतीय मूल के रूममेट को चाकू मारने का मामला सामने आया है। मामले में आरोपी छात्र को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ में कोरियाई छात्र ने बताया कि उसे अपने दोस्त की हत्या के लिए खेद है। उसने यह दावा भी किया है कि उसे ब्लैकमेल किया गया था।



गौरतलब है कि इंडियाना पुलिस ने 20 साल के छात्र वरुण मनीष छेड़ा को पिछले बुधवार को कैंपस के पश्चिमी किनारे पर मैककचियन हॉल में मृत अवस्था में पाया था। मामले में जांच के बाद, कोरिया के एक जूनियर साइबर सुरक्षा प्रमुख और अंतरराष्ट्रीय छात्र जी मिन जिमी शा को हत्या के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, कथित तौर पर चाकू मारकर हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार करने के बाद 22 वर्षीय शा को शुक्रवार को टिप्पेकेनो काउंटी मजिस्ट्रेट सारा व्याट के सामने अदालत में पेश किया गया था। अदालत में पूछताछ के दौरान शा ने बताया कि उसे ब्लैकमेल किया गया था। इसके बाद पीड़ित परिवार के लिए बोलते हुए शा ने कहा कि उसे खेद है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, इससे पहले बुधवार को उसने लगभग 12¬45 बजे पुलिस को फोन करके जानकारी दी थी कि उसने मैककचियन हॉल में अपने रूममेट को चाकू मार दिया है। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। जहां उसने छेदा को एक कुर्सी पर और शा को खून से लथपथ पाया। पुलिस ने यह भी बताया कि दीवार पर खून के छींटों के साथ ही फर्श पर खून से लथपथ चाकू पड़ी हुई थी। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया था।

# डॉलर की मजबूती से अब जख्मी होने लगा है अमेरिका का मैन्युफैक्चरिंग उद्योग

**वाशिंगटन, 12 अक्टूबर 2022।** डॉलर का चढ़ता भाव अब तक बाकी दुनिया के लिए मुसीबत बना है। लेकिन अब ऐसे संकेत हैं कि इसका अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर भी बुरा असर पड़ सकता है। डॉलर की महंगाई से अमेरिका में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के फिर से खड़ा होने की संभावनाओं पर सवाल उठ रहे हैं। अमेरिकी मुद्रा की मजबूती की वजह से जहां अमेरिकी निर्यातकों को नुकसान होने लगा है, वहीं विदेशी उत्पादकों का लाभ बढ़ रहा है।

अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका में उत्पादित वस्तुएं विदेशी उपभोक्ताओं को महंगी दरों पर मिल रही हैं। उधर विभिन्न देशों की मुद्रा का भाव गिरने के कारण विदेशों में स्थित अमेरिकी कारखानों की कमाई डॉलर के अर्थ में घट गई है। बीते महीनों के दौरान अमेरिकी मुद्रा ना सिर्फ विकासशील देशों की मुद्राओं की तुलना में महंगी हुई है, बल्कि यूरो, जापान के येन और



ब्रिटिश पाउंड भी इसकी तुलना में काफी सस्ते हो गए हैं।

इस रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी कंपनियां के तिमाही नतीजों की रिपोर्ट इस महीने के आखिर में आनी शुरू होगी। विशेषज्ञों के मुताबिक इन रिपोर्टों से यह सामने आएगा कि अमेरिका के औद्योगिक उत्पादकों की आमदनी में सेंध लगी है। कंपनियों के प्रदर्शन का आकलन करने वाली एजेंसी आरबीसी कैपिटल मार्केट्स ने भविष्यवाणी की है कि मुद्रा के भाव में बदलाव के कारण कंपनी समूह 3-एम को. की आमदनी में 5.1 फीसदी की औसत गिरावट आएगी। इसी तरह हीटिंग और एयर कंडीशनर उत्पादकों की आमदनी 3.4 फीसदी और जेनरल इलेक्ट्रिक कंपनी की आमदनी दो फीसदी घटेगी।

उधर डॉलर के महंगा होने के कारण विदेशी कंपनियों को अमेरिकी बाजार में लाभ हो रहा है। इस वजह से उनके उत्पाद यहां सस्ते हो रहे हैं। ऐसा उस मौके पर हो रहा है, जब अमेरिकी कंपनियां अमेरिका के अंदर अपना उत्पादन बढ़ाने की नीति पर चल रही हैं। बाल्टीमोर स्थित कंपनी मर्लिन स्टील वायर प्रोडक्ट्स एलएलसी के अध्यक्ष ड्रियू ग्रीनब्लाट ने वॉल स्ट्रीट जर्नल से कहा- ऐसा लगता है कि हमारी प्रतिस्पर्धी कंपनियों की बिक्री में 10 से 20 फीसदी तक की बढ़ोतरी होगी।

# मीडिया में चर्चा शी जिनपिंग की,लेकिन मार्केट की निगाहें टिकी हैं अगले पीएम पर

**बीजिंग , 12 अक्टूबर 2022।** हालांकि इस समय दुनिया भर के मीडिया में चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) की 20वीं कांग्रेस (महाधिवेशन) की चर्चा है, लेकिन विश्लेषकों के एक हिस्से का मानना है कि मोटे तौर पर ये आयोजन एक रस्म-अदायगी भर होगा। उनके मुताबिक चीन में फैसले सीपीसी नेताओं का एक छोटा समूह लेता है। हर पांच साल पर होने वाली कांग्रेस की भूमिका उन फैसलों पर मुहर लगाने भर की होती है। लेकिन कुछ विश्लेषकों का कहना है कि यह एक महत्त्वपूर्ण आयोजन है, जिससे चीन की अगली दिशा का सके मिलेगा।

सीपीसी की 20वीं कांग्रेस अगले रविवार से शुरू होगी और हफ्ते भर चलेगी। इस मौके पर विश्व मीडिया में ज्यादातर चर्चा राष्ट्रपति शी जिनपिंग के फिर से संभावित निर्वाचन की है। इसके अलावा इस पर अटकलें लगाई जा रही हैं कि सीपीसी की सर्वोच्च संस्था पोलित ब्यूरो की स्थायी समिति में कौन-कौन से नेता चुने जाएंगे। लेकिन अमेरिकी थिंक टैंक जर्मन मार्शल फंड में अनिवासी सीनियर फेलों मिनक्सिन पेई ने एक विश्लेषण में कहा है कि इस कांग्रेस दौरान कई अन्य महत्त्वपूर्ण निर्णयों पर भी मुहर लगाई जाएगी। पश्चिमी मीडिया में उन निर्णयों की चर्चा ज्यादा नहीं हुई है।



पेई के मुताबिक शी और सीपीसी को संभवतया जिस महत्वपूर्ण मुद्दे पर निर्णय करना है, वो देश के अगले प्रधानमंत्री के बारे में है। अंतरराष्ट्रीय निवेशकों, चीन के व्यापार भागीदारों, और देश के प्राइवेट उद्यमियों के लिए सबसे अहम फैसला यही होगा। चीन की शासन व्यवस्था में आर्थिक नीति का प्रभार प्रधानमंत्री के जिम्मे रहता है। मौजूदा प्रधानमंत्री ली किचियांग यह एलान कर चुके हैं कि वे मौजूदा कार्यकाल पूरा होने के बाद रिटायर्ड हो जाएंगे। उनके अलावा दोनों उप प्रधानमंत्री- हान झेंग और लिउ ही भी रिटायर्ड हो जाएंगे।

आर्थिक जगत की निगाह चीन के सेंट्रल बैंक- पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना के अगले प्रमुख पर भी टिकी हुई है। पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना एक शक्तिशाली संस्था है। बैंकिंग विनियमन के अलावा अन्य आर्थिक एजेंसियों को संचालित करने की भूमिका भी यह निभाता है। वेबसाइट निक्कईएशिया.कॉम में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक निवेशक इन पदों पर ऐसे टेक्नोक्रेट या अनुभवी नेता की नियुक्ति चाहते हैं, जो चीन में गहरा रही आर्थिक समस्याओं का हल ढूंढ सकें।

इस रिपोर्ट के मुताबिक अगर पोलित ब्यूरो स्थायी समिति के मौजूदा सदस्य वांग यांग को प्रधानमंत्री बनाया जाता है, तो बाजार के कर्ताधर्ताओं को बड़ी राहत मिलेगी। 67 वर्षीय वांग पहले उप प्रधानमंत्री रह चुके हैं। 1990 के दशक में वांग ने आर्थिक सुधारों को लागू करने की अपनी खास क्षमता दिखाई थी। इसी तरह राष्ट्रपति हू जिनताओ के समय उप प्रधानमंत्री रह चुके हू चुनहुआ अगर फिर से इस पद पर आते हैं, तो बाजार को खुशी होगी। वांग-हू को आर्थिक क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपने का मतलब यह माना जाएगा कि सीपीसी ने व्यावहारिक नजरिया अपनाया है।

इसके बदले अगर आर्थिक टीम में ऐसे अधिकारियों की भरमार हुई, जो कम्युनिस्ट विचारधारा से अत्यधिक प्रभावित हों या जिनके पास अनुभव की कमी हो, तो उससे बाजार में घबराहट फैल सकती है। मिनक्सिन पेई ने लिखा है- 'सीपीसी की अगली कांग्रेस सिर्फ सत्ता के ऐसे खेल का मौका नहीं है, जिसमें शी जिनपिंग के राजनीतिक वर्चस्व को और ताकत दी जाएगी। बल्कि इससे हमें यह मालूम पड़ेगा कि अगले दशक में चीन किस दिशा में जाएगा।'

# पुतिन बोले-यूरोप को गैस की आपूर्ति शुरू करने को तैयार,रूसी राष्ट्रपति से मिले IAEA प्रमुख

**मॉस्को, 12 अक्टूबर 2022।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि वह बाल्टिक सागर के नीचे जर्मनी जाने वाली नॉर्ड स्ट्रीम 2 पाइपलाइन के माध्यम से यूरोप को गैस की आपूर्ति फिर से शुरू करने के लिए तैयार हैं। पुतिन ने यह भी साफ किया कि रूस कम कीतम पर तेल नहीं बेचेगा। समाचार एजेंसी एपी के हवाले से ये खबर सामने आई है। इसके अलावा रूसी मीडिया के अनुसार, पुतिन ने कहा है कि रूस कम प्राइस कैप के साथ तेल नहीं बेचेगा। यूक्रेन से युद्ध के बाद से ही विवाद के चलते रूस ने यूरोपीय देशों को गैस की आपूर्ति बंद कर दी है जिससे यूरोप में ऊर्जा संकट पैदा हो गया है।



**IAEA प्रमुख की पुतिन से मुलाकात**

अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (ढ्ढश्व) के प्रमुख राफेल ग्रॉसी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बैठक में जपोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र की सुरक्षा और सुरक्षा पर चिंता जताई। रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में पुतिन के साथ आईएईए के महानिदेशक के बीच मंगलवार को ये बैठक जपोरिज्जिया और उसके आसपास सैन्य हमलों के कुछ दिनों बाद हुई। यह देखते हुए कि मुद्दे बहुत महत्वपूर्ण और अपरिहार्य हैं ग्रॉसी ने कहा कि हमारे पास परमाणु सुरक्षा से जुड़े मुद्दे हैं, विशेष रूप से जपोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र। मैं एक परमाणु दुर्घटना से बचने के प्रयासों के बारे में बता रहा हूं जो इसे क्षेत्र के लिए बहुत नुकसानदायक हो सकता है।

क्रेमलिन की प्रेस विज्ञप्ति में ग्रॉसी के हवाले से कहा गया, जैसा कि आप कहते हैं कि परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग से संबंधित मुद्दे इतिहास में दर्ज हैं, और निश्चित रूप से रूस हमेशा इन सभी प्रयासों में मुख्य रूप से शामिल रहा है। आईएईए प्रमुख ने इस बात पर प्रकाश डाला कि वर्तमान समय में ऊर्जा के मुद्दों, ग्लोबल वार्मिंग के साथ बहुत सी चीजें परमाणु ऊर्जा से जुड़ी हुई हैं और इससे भी संबंधित हो सकती हैं कि वर्तमान व भविष्य में भी परमाणु ऊर्जा की क्या भूमिका हो सकती है।

**पुतिन बोले, रूस ने हमेशा किया है एजेंसी का समर्थन**

बातचीत के दौरान पुतिन ने आश्वासन दिया कि रूस ने हमेशा एजेंसी की गतिविधियों का हर तरह से समर्थन किया है। हम एजेंसी के मिशन को बहुत महत्व देते हैं, जिसके प्रमुख के रूप में आप अपना जीवन, अपना समय समर्पित करते हैं। क्रेमलिन ने पुतिन के हवाले से कहा कि हमने हमेशा शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा के लिए सभी देशों की समान पहुंच का समर्थन किया है। हालांकि, उन्होंने कहा कि परमाणु गतिविधि से संबंधित किसी भी चीज के अत्यधिक और खतरनाक राजनीतिकरण के तत्व भी मौजूद हैं>

# केंद्रों में बंटने वाला 28 बोरा रेडी-टू-ईट पहुंचा निजी मकान में

-राजा मुखर्जी-

**कोरबा,12 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।** राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम की उत्पादनकर्ता फर्म छत्तीसगढ़ एग्रो फूड कार्पोरेशन लिमिटेड की शासन की कुपोषण नियंत्रण की महत्वाकांक्षी योजना रेडी टू ईट वितरण को लेकर बड़ी लापरवाही सामने आई है। हितग्राहियों को बंटने वाला 28 बोरी रेडी टू ईट गोकुलनगर के निजी मकान में डम्प पाया गया। शासकीय पोषण आहार की अफरा तफरी की मुखबिर से सूचना मिलते ही रामपुर चौकी प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस ने मौके पर तत्काल दबिश देकर मकान को आधिपत्य में लेकर सील कर दिया है, वहीं वाहन में भरे 132 बोरी रेडी टू ईट को जब्त कर चौकी में खड़ी कर दी है। प्रकरण में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग से जांच प्रतिवेदन मांगा गया है। डीपीओ के निर्देश पर सीडीपीओ ने जांच कर प्रतिवेदन सौंप दी है, जिसमें फर्म के वितरणकर्ता के मनगढ़ंत कहानी पर यकीन कर कार्रवाई की बजाय क्लीनचिट दे दी गई। यहां बताना होगा कि महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 6 माह से 6 वर्ष के नौनिहालों ,किशोरियों,गर्भवती एवं शिशुवती माताओं के पोषण के लिए कार्य किया जा रहा है। पूर्व में स्थानीय महिला स्व सहायता समूहों के माध्यम से रेडी टू ईट कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा था। गेहूं ,सोया ,चना ,मूंगफली मिश्रित पौष्टिक पोषण आहार रेडी टू ईट य माह से 3 वर्ष तक के बच्चों ,गर्भवती एवं शिशुवती माताओं के लिए प्रत्येक मंगलवार को दिए जाने का प्रावधान है ताकि उन पर कुपोषण की काली छाया न पड़े ,कुपोषित हितग्राही इसके दायरे से बाहर निकल सकें। लेकिन 24 दिसंबर 2021 को छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा कैबिनेट में लिए गए निर्णय अनुसार सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइंस का हवाला देकर राज्य बीज निगम की स्थापित इकाईयों के माध्यम से स्वचलित मशीनों के माध्यम से रेडी टू ईट का उत्पादन करने का निर्णय लिया गया।

1 अप्रैल से राज्य बीज निगम की स्थापित इकाईयों के स्वचलित मशीनों के माध्यम से तैयार रेडी टू ईट बच्चों तक पहुंचाई जा रही है। जिले में राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम की इकाई छत्तीसगढ़ एग्रो फूड कार्पोरेशन लिमिटेड को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। आपूर्तिकर्ता फर्म को कोरबा में सभी पुराने समूहों का अनुबंध समाप्त हो जाने की वहज से न केवल रेडी टू ईट तैयार करना है वरन सभी 10 परियोजनाओं के 2565 आंगनबाड़ी केंद्रों में पहुंचाने का भी दायित्व दिया गया है। लेकिन फर्म जहां समय पर रेडी टू ईट पहुंचाने में नाकाम रहा है ,वहीं बलरामपुर जिले की तर्ज पर रेडी टू ईट की अफरातफरी करने की जुगत में लगा है। 5 अक्टूबर को कोरबा ग्रामीण परियोजना के दोंदरो सेक्टर के आंगनबाड़ी केंद्रों में हितग्राहियों के लिए प्रदाय किए जाना वाला 28 बोरी रेडी टू ईट जिला गोदाम से निकलकर जिला जेल के पीछे स्थित गोकुलनगर में सरस्वती देवी नामक वयोवृद्ध महिला के मकान में पाया गया। सफेद रंग की पिकअप क्रमांक सीजी -12 बीई -3674 के माध्यम से यह रेडी टू ईट डम्प किया गया। मोहल्लेवासियों को जैसी ही इस अफरातफरी पर नजर पड़ी उनमें से जागरूक नागरिक ने रामपुर पुलिस को तत्काल सूचना दे दी। रामपुर चौकी प्रभारी कृष्णा साहू के नेतृत्व में पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई। पुलिस के आने से पहले ही वाहन चालक वाहन छोंड़ फरार हो गया था। लिहाजा पुलिस ने जहां सरस्वती देवी नामक वयोवृद्ध महिला के 28 बोरी रेडी टू ईट रखे कक्ष को सील कर दिया वहीं वाहन में शेष रखे 132 बोरी रेडी टू ईट को जब्त कर चौकी में खड़ा कर दिया।



रामपुर चौकी प्रभारी ने प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुए 7 अक्टूबर को जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को प्रकरण की जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने पत्र लिखा। डीपीओ महिला एवं बाल विकास विभाग ने 10 अक्टूबर को सीडीपीओ कोरबा शहरी को तत्काल जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। प्रभारी सीडीपीओ श्रीमती संगीता कोरम मंगलवार को प्रकरण की जांच करने पहुँची। जहाँ जांच के दौरान रेडी टू ईट वितरणकर्ता लालाराम ने बताया कि सरस्वती देवी का लड़का उसका मित्र है। जिसे वह पैसे उधार लिया था ,जिसे चुकाने जाते जाते वह कुछ समय गोकुल नगर में रुका था। इस बीच इसके मालिक का फोन आया जिसमें उसे तत्काल आने की बात कही गई। आनन फानन में वो 28 बोरी रेडी टू ईट अपने दोस्त के यहाँ डम्प कर .एवं बाद में आकर ले जाने की बात कहकर जा रहा था, तभी स्थानीय लोगों ने रेडी टू ईट के अफरातफरी की शिकायत कर दी। जांच के दौरान मौके पर पर्याप्त रेडी टू ईट पाया गया। सीडीपीओ बुधवार को जांच प्रतिवेदन डीपीओ को आवश्यक कार्रवाई हेतु सौंप देंगी।बहरहाल इस लापरवाही के बाद दोंदरो सेक्टर के बच्चों को रेडी टू ईट इस माह मिलेगा या नहीं इस पर भी संशय बना हुआ है। जिस तरह जांच के दौरान वितरणकर्ता ने फर्म के बचाव के लिए मनगढ़ंत बयान दिया है उससे तो न केवल जब्त वाहन रेडी टू ईट के रिलीज होने के आसार हैं ,वरन पूरे प्रकरण में वितरणकर्ता को क्लीनचिट मिल जाएगी। जबकि कायदे से बलरामपुर जिले की तर्ज पर तत्काल डीपीओ को भी वितरणकर्ता पर एफआईआर दर्ज करानी चाहिए थी। पर आदिवासी बाहुल्य कोरबा के पहाड़ी कोरवा बाहुल्य परियोजना के रेडी टू ईट की अफरातफरी पर अधिकारी ही फर्म ,वितरणकर्ता को अभयदान देने में लगे हैं।

> सीडीपीओ से जांच प्रतिवेदन मांगे हैं ,जांच प्रतिवेदन प्राप्त होगी उसके आधार पर ही प्रकरण में आवश्यक कार्रवाई कर सकेंगे।
> **एम डी नायक ,**
> डीपीओ मबावि कोरबा



लुंपी बीमारी से बचाव हेतु,गौ एवं नंदी सेवा समिति के तत्वधान में

## आयुर्वेदिक लड्डू वितरण का कार्यक्रम

-संवाददाता-

**कोरबा,12 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।** गौ एवं नंदी सेवा समिति के तत्वधान में आयुर्वेदिक लड्डू वितरण का कार्यक्रम किया गया गौ सेवा समिति के अध्यक्ष अक्षत शर्मा ने बताया गौ माता को लुंपी बीमारी से बचाव हेतु, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने हेतु आयुर्वेदिक लड्डू बनवाया गया है जिसे शहर के गौशाला एवं शहर विभिन्न स्थानों में में विचरण करती गाय माताओं को आयुर्वेदिक लड्डू वितरण वितरित किया गया ,वही इस आयुर्वेदिक लड्डू वितरण कार्यक्रम में सम्मानित सदस्य अशोक मोदी , सुनील जैन, बजरंग, शिव अग्रवाल, इंदर ,अक्षत शर्मा (अध्यक्ष) गौ सेवा धाम प्रांजल अग्रवाल,श्रीमती सरला मित्तल , श्रीमती आभा अग्रवाल, श्रीमती सुमन सिंघानिया, दीपा बोंडिया ,तृप्ति मोदी, स्वाति बजाज, कविता अग्रवाल, पिंकी सिंघल, शोभा केडिया,मनीषा मोदी, रुचि अग्रवाल गो एवं नंदी सेवा समिति सदस्य सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## पटाखा भंडारण व विक्रय के नियम होने के बावजूद नियमों का किया जा रहा है अनदेखा

-राजा मुखर्जी-

**कोरबा,12 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।** बारूद एवं पटाखा भंडारण व विक्रय के लिए कड़े नियम कानून होने के बावजूद शहर समेत जिले में इनकी धज्जियां उड़ाया जा रहा है। कई ऐसे व्यापारी, जिन्होंने शहर की रिहायशी इलाकोंकेघनी आबादी के बीच स्थित मकानों में. पटाखों का भंडारण किया हुआ है। प्रशासन को इनके खिलाफ कार्रवाई करने की फुर्सत ही नहीं मिल रही है। जिले में करीब दर्जनभर स्थायी पटाखा लाइसेंसी हैं, जो साल भर बारूद एवं पटाखों का कारोबार करते हैं। इनमें से कुछ व्यापारी ऐसे हैं जो हमेशा अपने घर में बड़ी मात्रा में पटाखा रखे रहते हैं। इनके अलावा दीपावली के मद्देनजर हर साल शहर में कुछ दिनों के लिए पटाखा दुकान लगाने के लिए अस्थायी लाइसेंस भी लेते हैं। दीपावली पर्व में इन सारे व्यवसायियों ने पटाखों का भारी मात्रा में स्टॉक जमा कर लिया है, पर लाइसेंस में उल्लेखित क्षमता और शर्तों के अनुसार उनका वेरिफिकेशन



समय समय पर प्रशासन द्वारा नहीं किया जा रहा है। जिला मुख्यालय में ही,स्टेशन रोड से कोरबा तक आधा दर्जन स्थायी लाइसेंस धारी है, जिनके आसपास होटल, इलेक्ट्रॉनिक दुकान और रेस्टोरेंट संचालित है। जिनके पास स्थाई लाइसेंस हैं, वे नियम-कानून को धता बताते हुए घनी बस्ती के भीतर ही पटाखा स्टोर कर रखे हुए हैं। मेन मार्केट के अंदर छोटे-छोटे गोदामों में विस्फोटक पदार्थ भरा पड़ा है। सुरक्षा के लिए न तो रेत है और न ही फायर सेफ्टी की व्यवस्था किया हुआ है। जिला मुख्यालय के अलावा बालको, कटघोरा, दीपका, आदि सहित अन्य नगरों में भी यही हाल है। ऐसे में हल्की सी चिंगारी से एक बड़ी घटना का होना को नाकारा नहीं जा सकता। मेन मार्केट में यदि कोई अप्रिय स्थिति हो जाए तो गलियों के संकरी होने से अग्निशमन वाहन भी नहीं घुस सकता। इस साल अब तक बिना लाइसेंस व ज्यादा मात्रा में पटाखा रखने वालों पर प्रशासन व पुलिस की टीम पटाखा दुकान में कार्रवाई करना तो दूर निरीक्षण करने तक नहीं पहुंचे हैं। शहर के घनी आबादी में धड़ल्ले से पटाखा का कारोबार चल रहा है। जबकि इनको शहर के बाहर का लाइसेंस दिया जाता है। गोदामों में पटाखों का भंडारण करना बताया है, पर स्थिति इसके विपरीत है। अधिकांश बड़े व्यापारियों के पटाखे शहर के भीतर ही पड़े हैं। फुटकर अस्थायी व्यवसायियों ने भी अपनी सुविधानुसार खाली मकानों या अपने ही घरों के कमरों में पटाखों का स्टाक कर रखा है, जहां सुरक्षा के कोई ठोस इंतजाम नहीं हैं। नियमानुसार इनको लाइसेंस नवीनीकरण करने से पहले गोदाम की जांच के लिए एसडीएम स्तर के अधिकारी को मौके पर जाना चाहिए, लेकिन किसी को इसकी फुर्सत नहीं है। अब तक किसी ने भी इसकी जरूरत नहीं समझी। लाइसेंस शर्तों में स्टाक सीमा, भंडारण स्थल, सुरक्षा इंतजाम का उल्लेख रहता है, पर व्यवसायी इनका पालन कर रहे हैं या नहीं, यह देखने की फुर्सत प्रशासन को अब तक नहीं मिल पाई है।

## राजपुर कर्रा की टीम ने 3-2 गोल से जीता मैच

-संवाददाता-

**अम्बिकापुर 12 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।.** गांधी स्टेडियम में खेले जा रहे सरगुज फुटवाल लीग प्रतियोगिता के अन्तर्गत बुधवार को दो मैच खेले गए। प्रथम मैच फुटबॉल क्लब इंदिरानगर बनाम फुटबॉल क्लब कर्रा (राजपुर) में मध्य खेला गया। जिसमें राजपुर कर्रा की टीम ने 3-2 गोल से गौच जीत लिया। प्रथम हाफ में राजपुर कर्रा की टीम ने बेहतर तालमेल के साथ खेलते हुए लगातार 3 गोल किए। मैच के दूसरे हाफ में इंदिरानगर की टीम के भी अच्छा खेल दिखाया लेकिन 2 ही गोल करने में सफलता पाई। इस तरह 3-2 गोल से राजपुर की टीम ने मैच जीत लिया। दूसरा मैच सूरज क्लब तालपारा बनाम फुटबॉल क्लब कांतिप्रकाशपुर के मध्य खेला गया। जिसमें एकतरफा मुकाबले में सूरज क्लब तालपारा की टीम ने बेहतर ताल मेल एवं अच्छे खेल का प्रदर्श करते हुए एक के बाद एक गोल करते हुए 7 गोल मारे। कांतिप्रकाशपुर की टीम ने बाकी प्रयास किया लेकिन गोल करने में सफल नहीं हो गई। इस तरह सूरज क्लब तालपारा की टीम ने कांति प्रकाशपुर की टीम को 7-0 गोल से हराया। गुरुवार को प्रतियोगिता के अन्तर्गत दो मैच खेले जाएंगे। प्रथम बैच सरगुजा पुलिस बनाम फुटबॉल क्लब कांति प्रकाशपुर तथा दूसरा मैच अदानी फुटबॉल क्लब अधिकार बनाम फुटकॉलब क्लब इंदिरानगर के मध्य खेला जाएगा।



## आंबा कार्यकर्ता व साहिकाओं ने निकाली न्याया महारैली

-संवाददाता-

**अम्बिकापुर 12 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।** . 6 सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं ने बुधवार को अंबिकापुर कलेक्टोरेट शाखा के सामने आम सभा व न्याया महारैली का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। विरोध प्रदर्शन में संभगा पर से काफी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व साहिकाएं शामिल हुए। इनके प्रमुख मांगों में शिक्षाकर्मियों की तरह आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं के लिये भी नीति बनाकर शासकीय कर्मचारी घोषित किया जाए, तब तक वर्तमान प्रदेश सरकार द्वारा चुनावी घोषणा पत्र में आंगनबाछी कार्यकर्ता सहायिकाओं को नर्सरी शिक्षक पर उन्नयन और कलेक्टर दर पर मानदेय दिये जाने की वायदा किया गया था, जिसके तहत कार्यवाही करते हुए यह मांग पूरा किए जाने की मांग की। मिनि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता केन्द्र में आगनबाड़ी कार्यकर्ता के सामान कार्य करते हैं मिनि आगनबाड़ी कार्यकर्ता को आगनबाड़ी के समान मानदेय स्वीकृति किया जाए। सामाजिक सुरक्षा के रूप में मासिक पेंशन और समूह बीमा योजना हेतु नीति निर्धारित कर इसको लागू कराने सहित अन्य मांगें शामिल है।



## दर्रीपारा ग्राम पंचायत छत्तीसगढ़ी ओलम्पिक्स प्रतियोगिता का किया समापन

-संवाददाता-

**सूरजपुर 12 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।** ग्राम पंचायत दर्रीपारा में 6 से 11 तक चल रही छत्तीसगढ़ीया ओलम्पिक्स ग्राम पंचायत स्तर में राजीव युवा मितान क्लब दर्रीपारा द्वारा पुरस्कार वितरण कर समापन किया गया। छत्तीसगढ़ीया ओलम्पिक्स का राजीव युवा मितान क्लब दर्रीपारा द्वारा कब्बडी, गिल्ली डंडा,बाटी, रस्सा कस्सी, पिट्ठुल जैसे 14 प्रकार के खेलों का प्रतियोगिता 6 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक कराया गया। जिसमे आज 11 अक्टूबर को समस्त खेलो का फाइनल करा कर पुरस्कार वितरण कराया गया। 100 मीटर दौड़ में ऋतिक गुप्ता ने प्रथम स्थान, कब्बड्डी,गिल्ली डंडा में युवा ब्रिगेड दर्रीपारा ने बाजी मारी, तो वही रस्सा कसी में गोंड पारा दर्रीपारा के युवाओं ने बाजी मारी। समापन पश्चात वरिस्ठ कांग्रेसी नेता हरि प्रसाद गुप्ता ने छत्तीसगढ़ सरकार की युवा पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ी ओलम्पिक्स से विलुप्त खेलो में पुनः जान लाने का कार्य छत्तीसगढ़ के यसस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी ने किया है जो युवाओं को खेल के प्रति जुड़ाव निश्चित ही बढ़ेगी साथ ही उन्होंने कहा कि इन सभी बच्चों का खेल देखकर हमे अपनी बचपन याद आ गई हमलोग इसी तरह लड़ झगड़कर खूब खेल का आनंद उठाते थे आज इन बच्चों को खेलते इस ग्राम पंचायत में कई वर्षों बाद पुनः दखने को मिला जिसके लिए मैं छत्तीसगढ़ के मुखिया भूपेश बघेल जी का धन्यवाद करता हु। साथ ही राजीव युवा मितान क्लब के अध्यक्ष विकाश कुमार गुप्ता ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार यसस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी की युवा सोच व इस युग मे एक भयानक और बच्चों की विकास में बाधित करने वाली बहुत ही खतरनाक मोबाईल गेम पब्जी , फ्री फायर जैसे अनेको ऑनलाइन गेम वाला नसा की उत्पत्ति हुई है जिससे लोगो का मानसिक बीमारी की तरह हो गई है। छत्तीसगढ़ीया ओलम्पिक्स प्रतियोगिता में लोग मोबाईल गेम छोड़कर हर रोज बड़ी संख्या में लोग खेलने आते थे और बच्चों का कहना था कि थोड़ा और जल्दी कराते तो और भी मजा आता। बच्चों का उत्साह और उमंग देख हम सभी युवा मितान क्लब के लोग काफी हर्षित हुए। ऐसा आयोजन हमेशा होते रहना चाहिए ।राजीव युवा मितान क्लब से समाज , खिलाड़ी, बच्चे और युवाओं को एक आधर मिलता दिख रहा है। आज कार्यक्रम की सम्प्पति पर मुख्य अतिथियो द्वारा राजीव युवा मितान क्लब द्वारा बॉलीवाल टीम को बॉल व बैजमेन्टन टीम को बैजमेंटन भी प्रदान किया गया।



# सड़कों की स्थिति दुरुस्त करने 4 दिन में कार्ययोजना बनाकर दें: कलेक्टर

**तीन महीने बाद सरगुजा की सड़कें हो जाएंगे गड्ढा मुक्त,15 अक्टूबर से काम शुरु**

**निगम की सड़कों की मरम्मत के लिए 3 करोड़ मंजूर,समय-सीमा की बैठक संपन्न**

-संवाददाता-

**अम्बिकापुर 12 अक्टूबर 2022(घटती-घटना)।** कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार ने कहा है कि जिले में सड़कों की स्थिति सुधारने में निर्माण विभाग से सम्बंधित अधिकारी कमर कस लें। सड़कों की स्थिति अगले तीन महीने में कैसे दुरुस्त करनी है इसकी कार्ययोजना 4 दिन में बनाकर दें। तीन महीने बाद पूरे सड़क गड्ढा मुक्त होना चाहिए। कलेक्टर ने यह निर्देश मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में सड़कों की मरम्मत की स्थिति की समीक्षा करते हुए निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर ने निर्माण विभाग के मैदानी अमलो की उदासीन रवैये पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि सभी अपनी कार्यशैली सुधारें। जिला अधिकारी उप अभियंता व एसडीओ की दैनंदिनी की जांच करें। हर सप्ताह दिए गए कार्य की प्रगति की टीप लिखें। उन्होंने सबसे ज्यादा सड़कों का संधारण करने वाले एजेंसी पीएमजीएसवाय के अधिकारी से अतिखराब व खराब सड़कों की संख्या की जानकारी व मरम्मत के लिए की जा रही तैयारी की जानकारी ली और निर्देशित किया कि जिन सड़कों के मरम्मत हेतु टेण्डर नहीं लगे हैं उनकी शीघ्र टेंडर लगाएं। सड़कों की गुणवत्ता में कोई समझौता न करें। अधिकारी ने बताया कि अम्बिकापुर-लुण्ड्रा मार्ग सबसे ज्यादा खराब है। उन्होंने बताया कि जिले में करीब 300 किमी की सड़क मरम्मत का काम 15 अक्टूबर से शुरू हो जाएगा। लोक निर्माण विभाग के अधिकारी ने बताया कि करीब 146 किलोमीटर सड़क मरम्मत योग्य है जिसमें से 100 किलोमीटर सीजीआरडीसी अंतर्गत स्वीकृत है। कलेक्टर ने नगर निगम अंतर्गत आने वाले सड़कों की मरम्मत व रखरखाव की भी समीक्षा की और संबंधित विभागों तथा नगर निगम के अधिकारियों को सड़क मरम्त के कार्य शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शहर में जिन सड़को की स्थिति ज्यादा खराब व ज्यादा भीड़ वाले सड़कों को पहले ठीक कराएं। निगम के अधिकारियों ने बताया कि निगम अंतर्गत सड़कों की मरम्मत के लिए शासन से तीन करोड़ रुपये की मंजूरी मिली है। बस स्टैंड की सड़क ज्यादा खराब है वही से काम शुरू होगा। कलेक्टर ने अम्बिकापुर से सांड़बार तक की सड़क निर्माण का काम शीघ्र पूरा करने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही अम्बिकापुर शिवपुर एवं अम्बिकापुर-पत्थलगांव एनएच नवनिर्माण कार्य में शेष बचे कार्य को अगले दिसंबर माह तक हर हाल में पूरा करने के भी निर्देश दिये।



**राजस्व संबंधी समस्या निराकरण में ढिलाई बर्दाश्त नहीं-** कलेक्टर ने कहा कि राजस्व विभाग से संबंधित समस्याओं के निराकरण में ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी। एसडीएम व तहसीलदार पटवारियों को अपने नियंत्रण में रखें। तीन वर्ष से एक ही स्थान पर पदस्थ पटवारियों का स्थान परिवर्तन करें। भ्रष्ट आचरण वाले पटवारियों पर कड़ाई से करवाई करें। जिन पटवारियों व आरआई के विरुद्ध विभागीय जांच चल रही है उनका प्रकरण अगले दो महीने में सख्त निर्णय लें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक एसडीएम व तहसीलदार के कार्यालय में लंबित अविवादित बटवारा, नामांतरण की जांच हर हफ्ते की जाएगी। उन्होंने कहा कि राजस्व कोर्ट के दिन तय हो अपरिहार्य कारणों से ही कोर्ट स्थगित हो जिसकी पूर्व में सूचना दें ताकि पक्षकारों को परेशानी न हो। तीन या चार पेशी के बाद आदेश जारी करें। उन्होंने कहा कि गिरदावरी में विसंगति होने पर सम्बंधित पटवारी व तहसीलदार को नोटिस जारी करें। शतप्रतिशत शुद्ध गिरदावरी हो। गिरदावरी का डेटा ही धान खरीदी हेतु किसान पंजीयन में प्रविष्टि कराएं। गिरदावरी में किसानों से जो दावा आपत्ति आ रहे है उसका निराकरण तहसीलदार स्वयं करें।

**ओबीसी पंजीयन में कोई पात्र न छूटे-** कलेक्टर ने कहा कि क्वांटिफ़ायबल डाटा आयोग द्वारा अन्य पिछड़े वर्ग व आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के सर्वे व पंजीयन के लिए 17 अक्टूबर 2022 तक पोर्टल को पुनः खोला गया है। जिले के सभी पात्र लोगो का पंजीयन कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि लोगों को समझाएं कि इस पंजीयन के आधार पर ही सरकार नीतिगत फैसले लेगी इसलिए पंजीयन में कोई न छूटे। एसडीएम समाज के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करें। विभाग प्रमुख अपने अधीनस्थ अधिकारी कर्मचारियों का पंजीयन कराना सुनिश्चित करें। ग्रामीण क्षेत्रों में पंजीयन के लिए एसडीएम व जनपद सीईओ तथा शहरी क्षेत्र के लिए नगर निगम आयुक्त जिम्मेदार होंगे।

**गुणवत्ता सुधारने तय होगा पैरामीटर-** कलेक्टर ने कहा कि स्वामी आत्मानन्द शासकीय अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु विद्यार्थी व शिक्षकों के लिए 15-15 पैरामीटर तय किये जायेंगे जिसके आधार पर आकलन कर स्कूलों का रैंकिंग किया जाएगा। विकासखंड शिक्षा अधिकारी व प्राचार्य मॉनिटरिंग करें। रैंकिंग में बोर्ड परीक्षा के परिणाम को भी ध्यान रखा जाएगा।

**क्लब के महिला सदस्य बनेंगे मीटर वाचक-** राजीव युवा मितान क्लब के महिला सदस्यों को विद्युत मीटर रीडिंग के कार्य में संलग्न किया जाएगा। कलेक्टर ने पहले चरण में प्रत्येक जनपद में 15-15 महिला सदस्यों को मीटर रीडर बनाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही क्लब के सदस्यों को शासकीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार के साथ पर्यटन स्थलों में टूरिस्ट गाइड बनाने के भी निर्देश दिए।


**न्यायालय नज़ूल अधिकारी सूरजपुर**
**जिला-सूरजपुर (छ0ग0)**

रा0प्र0क्रं0-20221026200002
नगर सूरजपुर, तहसील सूरजपुर

**//ईश्तहार//**

इस सार्वजनिक ईश्तहार के जरिए सर्व साधारण आम जनता/संस्था/विभाग को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदिकागण श्रीमती कनक सिंह पत्नी स्व0 सुरेन्द्र बहादुर सिंह, उम्र-42 वर्ष, जाति -क्षत्रिय, निवासी मेनरोड सूरजपुर, तहसील सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ0ग0) व अन्य 02 के द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 109,110 छ0ग0 भू-राजस्व संहिता का आवेदन पेश कर नगर सूरजपुर स्थित नजूल भूमि प्लाट नम्बर1804/35 रकबा 1000 वर्गफिट भूमि जो नजूल अभिलेख में सुरेन्द्र सिंह पिता रामदुलार सिंह के नाम पर दर्ज है। नजूल खाताधारक सुरेन्द्र सिंह की मृत्यु दिनांक-14.08.2016 को होने से वादभूमि से संबंधित नजूल अभिलेख में आवेदिकागण का नाम दर्ज किए जाने का निवेदन किया गया है,जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन लंबित है।

अतः इस संबंध मे जिस किसी व्यक्ति/संस्था/विभाग को कोई दावा/आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक/लीगल एजेंट के माध्यम से अपना दावा/आपत्ति दिनांक 28/10/2022 को न्यायलयीन अवधि में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं।नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 11/10/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील

**नजूल अधिकारी**
सूरजपुर


CMYK

महिला एशिया कप

# थाईलैंड के खिलाफ जीत के साथ फाइनल में जगह बनाने उतरेगा भारत

**थिंपू ,12 अक्टूबर 2022।** भारत का महिला एशिया कप में अब तक का सफर आसान रहा है और गुरुवार को यहां सेमीफाइनल में टीम जब थाईलैंड की कमजोर टीम से भिड़ेगी तो उसके एक और जोरदार जीत दर्ज करने की उम्मीद है। इन दोनों टीम के बीच पिछला मुकाबला काफी एकतरफा रहा था जिसमें भारत ने थाईलैंड को 15.1 ओवर में सिर्फ 37 रन पर ढेर कर दिया था और फिर लीग चरण के इस मुकाबले में आसान जीत दर्ज की।

थाईलैंड की टीम भारत के खिलाफ पिछले मैच की तुलना में बल्लेबाजी में बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगी। टीम ने मेजबान और गत चैंपियन बांग्लादेश को पछाड़कर पहली बार एशिया कप के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। नारुमोल चाईवाई की टीम यह साबित करने की उम्मीद कर रही होगी कि टूर्नामेंट के लिए उसका क्वालीफाई करना तुक्का नहीं है। भारत को इस टूर्नामेंट के जरिए अपनी बेंच स्ट्रैंथ को परखने का शानदार मौका मिला है और इस प्रतियोगिता के जरिए टीम की कम अनुभवी खिलाड़ियों को दक्षिणअफ्रीका में अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप से पहले पर्याप्त मुकाबले खेलने का समय मिला है।

इस रणनीति के तहत भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर छह लीग मैच में से केवल तीन में खेली और भारत की एकमात्र हार के दौरान पाकिस्तान के खिलाफ सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरीं। फिनिशर की भूमिका निभाने वाली खिलाड़ी की तलाश में भारत ने आक्रामक बल्लेबाजों किरण प्रभु नवगिरे और डायलन हेमलता को आजमाया। मई में महिला टी20 चैलेंज में सबसे तेज अर्धशतक



जड़ने वाली किरण तीन पारियों में सिर्फ 10 रन बना पाई जबकि उनसे अधिक अनुभवी हेमलता के नाम भी चार पारियों में सिर्फ 45 रन दर्ज हैं। अब यह देखना होगा कि भारत प्रयोग जारी रखता है या फिर फाइनल की तैयारी के लिए अपनी सबसे मजबूत टीम उतारता है। दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा और राजेश्वरी गायकवाड़ की स्पिन तिकड़ी पूरे टूर्नामेंट के दौरान विरोधी बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने में सफल रही है। भारत को चुनौती देने के लिए थाईलैंड की टीम अपनी शीर्ष तीन खिलाड़ियों नानापट कोंचारोएनकेई, नथाकन चेंथम और कप्तान चाईवाई पर निर्भर करेंगी। इन तीनों ने टूर्नामेंट में टीम के लिए काफी रन बनाए हैं लेकिन भारत की अनुशासित गेंदबाजी के सामने उनकी राह आसान नहीं होगी। भारत के लिए सबसे सकारात्मक पक्ष जेमिमा रोड्रिग्ज की फॉर्म रही है। जेमिमा ने मध्यक्रम में जिम्मेदारी निभाते हुए दो अर्धशतक की मदद से सर्वाधिक 188 रन बनाए हैं। पहले दो मैच में विफल रही सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने भी मजबूत वापसी की है। दूसरा सेमीफाइनल भी गुरुवार को ही पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच खेला जाएगा।

### टीम इस प्रकार हैं:

भारत- हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, दीप्ति शर्मा, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, एस मेघना, ऋचा घोष, स्नेह राणा, डायलन हेमलता, मेघना सिंह, रेणुका ठाकुर, पूजा वस्त्रकार, राजेश्वरी गायकवाड़, राधा यादव और किरण नवगिरे।

थाईलैंड- नारुमोल चाईवाई (कप्तान), नताया बूचथम, नथाकन चेंथम, सुनिदा चतुरोंग्रताना, ओनिचा कामचोमफू, सुवानन खियाओतो, नानापट कोंचारोएनकेई, सुलीपोर्न लाओमी, बनथिदा लीफथाना, फन्निता माया, नानथिता बूनसुखम, थिपाचा सुतंतिन तिपिरथन, थिपचार्ट पुत्तिन तिपथाना।

समय- मैच भारतीय समयानुसार सुबह 8.30 बजे से शुरू होगा।

# इन खिलाड़ियों के बल्ले से टी-20 विश्व कप में होगी चौकों-छक्कों की बरसात

**नई दिल्ली,12 अक्टूबर 2022।** टी-20 विश्व कप का आगाज होने में बस कुछ ही दिनों का समय शेष है। ऑस्ट्रेलिया में इस बार टी-20 विश्व कप का आयोजन हो रहा है। कुल मिलाकर देखें तो क्रिकेट को लेकर दीवानगी जो है वह खेल प्रेमियों में लगातार देखने को मिलती है। यही कारण है कि टी-20 विश्वकप का हर कोई इंतजार कर रहा है। टी20 विश्व कप में जमकर चौके छक्के लगेंगे तो वही विकेट भी गिरेंगे। लेकिन आज हम आपको ऐसे 10 बल्लेबाजों के नाम बताने जा रहे हैं जिन्हें टी20 विश्व कप में बल्लेबाजी करते देखना हम सब को अच्छा लग सकता है। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि फिलहाल कि ये सभी खिलाड़ी अच्छे फॉर्म में हैं।



**मोहम्मद रिजवान-** टी20 रैंकिंग में लगातार शीर्ष पर मौजूद मोहम्मद रिजवान पाकिस्तान टीम के लिए रीड की हड्डी हैं। बाबर आजम के साथ ओपनिंग करते हैं। हाल में भी यह जबरदस्त फॉर्म में हैं। अब तक इन्होंने 71 टी-20 मुकाबलों में 52 की औसत से 2357 रन बनाए हैं।

**सूर्यकुमार यादव-** भारत का यह बल्लेबाज गजब के फॉर्म में है। लगातार इनके बल्ले से रन निकल रहे हैं। भारत के लिए 34 टी20 मुकाबले खेलने वाले सूर्यकुमार यादव ने अब तक 38 के औसत से 1045 रन बनाए हैं। हाल के दिनों में देखें तो यह शानदार फॉर्म में दिखाई दे रहे हैं।

**बाबर आजम-** पाकिस्तान टीम के कप्तान बाबर आजम बल्लेबाजी की दुनिया में अपना अलग मुकाम हासिल कर चुके हैं। 90 टी-20 मुकाबलों में उन्होंने पाकिस्तान के लिए 43 के औसत से 3161 रन बनाए हैं। इसमें 2 शतक और 28 अर्धशतक भी शामिल है।

**एडन मार्क्रम-** दक्षिण अफ्रीका का यह युवा बल्लेबाज लगातार अच्छे फॉर्म में हैं। अब तक 26 टी-20 मुकाबले में एडन मार्क्रम ने 41.05 की औसत से 780 रन बनाए हैं। सबसे खास बात उनका स्ट्राइक रेट है जो कि 151 के ऊपर का है। अब तक उन्होंने आठ अर्धशतक लगाए हैं। हाल के दिनों में यह अच्छे फॉर्म में हैं।

**डेविड मलान-** इंग्लैंड की ओर से खेलने वाले डेविड मलान गजब के फॉर्म में हैं। 50 टी-20 मुकाबलों में उन्होंने 1669 रन बनाए हैं। एक शतक और 14 अर्धशतक इनके नाम है। इनका स्ट्राइक रेट 138 से ऊपर का है।

**एरोन फिंच-** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान एरोन फिंच ञ20 के अनुभवी खिलाड़ी हैं। 99 टी-20 मुकाबलों में उन्होंने 3013 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 144 से ऊपर का है। घरेलू मैदान पर होने वाले टी20 विश्वकप में इनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है।

**डेव्हन कॉनवे-** न्यूजीलैंड का यह बल्लेबाज अपने डेब्यू के साथ हैं लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहा है। अब तक 27 टी-20 मुकाबलों में इसने 927 रन बनाए हैं। डेव्हन कॉनवे का औसत 54 से ऊपर का है। इनके नाम छह अर्धशतक भी शामिल है।

**पथुम निसांका-** श्रीलंका का युवा बल्लेबाज गजब के फॉर्म में है। 29 टी-20 मुकाबलों में 801 रन बनाए हैं। श्रीलंका की बल्लेबाजी के अहम कड़ी हैं। श्रीलंका इनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद कर रही होगी।

**निकोलस पूरन-** वेस्टइंडीज का यह विकेटकीपर बल्लेबाज लिमिटेड ओवर क्रिकेट का शानदार खिलाड़ी है। 69 टी-20 मुकाबलों में इसने 1403 रन बनाए हैं। स्ट्राइक रेट 130 के ऊपर का है। टीम को संकट से उबारने में निकोलस पूरन की भूमिका काफी अहम हो जाती है।

**मार्टिन गप्टिल-** 36 वर्षीय मार्टिन गप्टिल टी20 के सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक है। 122 टी-20 मुकाबलों में इन्होंने 3531 रन बनाए हैं। 2 शतक और 20 अर्धशतक इनके नाम है। होम कंडीशन में होने वाले मुकाबलों में इनका रोल टीम के लिए काफी अहम हो जाता है।

## फ्लड लाइट में ही होगा सुरजीत हॉकी टूर्नामेंट:खेल मंत्री मीत हेयर

**जालंधर ,12 अक्टूबर 2022।** देश का अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त और प्रतिष्ठित 39वां सुरजीत हॉकी टूर्नामेंट फ्लड लाइट में खेला जाएगा। सुरजीत हॉकी सोसायटी के कार्यकारी अध्यक्ष लखविंदर पाल सिंह खैरा ने जानकारी देते हुए बताया कि सुसाइटी के 5 सदस्यीय कोर ग्रूप में उनके साथ महासचिव सुरिंदर सिंह भापा, मानद सचिव रणबीर सिंह टूट, संयुक्त सचिव रमणिक सिंह रंधावा और सी.ई.ओ. इकबाल सिंह संधू ने खेल मंत्री पंजाब गुरमीत सिंह मीत हेयर से मिलकर यहां उन्हें फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया, वहीं उन्हें 27 अक्टूबर से शुरू हो रहे सुरजीत हॉकी टूर्नामेंट की खराब फ्लड लाइट के बारे में भी अवगत करवाया गया। इस मौके पर खेल मंत्री मीत हेयर ने कहा कि हॉकी की प्रगति में सुरजीत हॉकी सोसाइटी का अहम योगदान है और सोसाइटी द्वारा आयोजित सुरजीत हॉकी टूर्नामेंट पंजाब का एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मशहूर और प्रतिष्ठित टूर्नामेंट है । सरकार खिलाड़ियों को हर तरह की सुविधाएं मुहैया कराने के लिए कटिबद्ध है । उन्होंने सुसाइटी के प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि सुरजीत हाकी टूर्नामेंट शुरू होने से पहले स्टेडियम को फ्लड लाइट्स ठीक होंगी तथा यह टूर्नामेंट पहले की तरह फ्लड लाइट में ही खेला जाएगा । खेल मंत्री ने सुरजीत हाकी स्टेडियम से संबंधित अन्य समस्याओं का समाधान प्रधान सचिव (खेल), पंजाब सत्र पर जल्द करने का भी आश्वासन दिया है । आज सुरजीत हॉकी सोसायटी ने विशेष बैठक कर खेल मंत्री, पंजाब मीत हेयर द्वारा खेल समस्याओं का तुरंत समाधान करने पर धन्यवाद प्रस्ताव पारित करने के साथ साथ सोसायटी की ओर से खेलों में सरकार को हर तरह का सहयोग देने का प्रस्ताव पारित किया।




# सागर धनखड़ हत्याकांड मामले में पहलवान सुशील कुमार पर आरोप तय

**नई दिल्ली,12 अक्टूबर 2022।** पहलवान सागर धनखड़ हत्याकांड मामले में अब ओलंपिक पदक विजेता सुशील कुमार की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही है। दिल्ली की एक अदालत ने सुशील कुमार समेत 18 लोगों पर आरोप तय कर दिए हैं। इनमें से दो आरोपी फिलहाल फरार है।



अदालत ने जो आरोप तय किए हैं उसमें हत्या हत्या की कोशिश, दंगा फैलाना, गैरकानूनी तरीके से मजमा लगाना और अन्य धाराओं के तहत आपराधिक साजिश रचने का आरोप लगा है। आपको बता दें कि सुशील कुमार पर पहलवान सागर धनखड़ की हत्या मामले में आरोप लगा है। पुलिस ने सुशील कुमार को गिरफ्तार कर लिया था। फिलहाल इस हत्याकांड से जुड़े कई आरोपी पुलिस हिरासत में है। सुशील कुमार भी तिहाड़ जेल में बंद हैं।

### क्या है पूरा मामला

अब हम आपको इस हत्याकांड के पूरे मामले से रूबरू कराते हैं। घटना पिछले साल चार-पांच मई की रात की है। जानकारी के मुताबिक छत्रसाल स्टेडियम में जूनियर पहलवानों के साथ मारपीट की गई थी। दावा किया गया कि इसमें सुशील कुमार भी अपने साथियों के साथ पहुंचा था। इस मारपीट में पहलवान सागर धनखड़ पूरी तरह से जख्मी हो गया था। बाद में उसकी मौत हो गई। घटना के बाद से ही सुशील कुमार फरार चल रहे थे। 17 दिन बाद 23 मई को उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। सुशील कुमार की ओर से दायर की गई जमानत अर्जी पहले ही खारिज हो चुकी है। सुशील कुमार ने दिल्ली उच्च न्यायालय का भी दरवाजा खटखटाया था।

इस मामले में दिल्ली पुलिस लगातार जांच पड़ताल करती रही। इसमें 20 लोगों को आरोपी बनाया गया है। 18 लोगों की गिरफ्तारी पहले ही हो चुकी है। गौरतलब है कि सुशील कुमार भारत के एक बड़े पहलवान रहे हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहलवानी में भारत को कई पदक दिलवाए हैं। 2014 में उन्होंने कॉमनवेल्थ गेम्स में स्वर्ण पदक जीता था। 2012 के लंदन ओलंपिक में उन्होंने रजत पदक जीता था। 2010 के कॉमनवेल्थ गेम्स में उन्होंने स्वर्ण जीता था। इसके अलावा 2010 में ही विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में भी उन्होंने स्वर्ण पदक जीता था। 2008 के बीजिंग ओलंपिक में सुशील कुमार ने कांस्य पदक जीता था। इसके अलावा राष्ट्रमंडल कुश्ती चैंपियनशिप में भी वह कई बार स्वर्ण पदक जीत चुके हैं।

# कमल हासन की इंडियन 2 की शूटिंग शुरू




कमल हासन स्टारर निर्देशक शंकर की फिल्म इंडियन 2 की लंबे समय से चर्चा हो रही है। 2017 में इस फिल्म की घोषणा हुई थी। 1996 की लोकप्रिय फिल्म के सीच्ल की घोषणा ने सभी को हैरान कर दिया था। 2019 में फिल्म की शूटिंग भी शुरू हुई थी। हालांकि, 2020 में कोरोना महामारी ने इस फिल्म पर ब्रेक लगा दिया था। अब विक्रम की अपार सफलता के बाद इस फिल्म की शूटिंग दोबारा शुरू हो रही है। सितंबर में कमल हासन, काजल अग्रवाल और फिल्म की पूरी टीम ने दोबारा शूटिंग शुरू की। रिपोर्ट के अनुसार निर्माताओं ने अगले साल मार्च तक फिल्म की शूटिंग खत्म करने का लक्ष्य रखा है। कोरोना से ब्रेक लगने से पहले करीब 85 दिन की शूटिंग बाकी थी। शूटिंग खत्म होने के बाद फिल्म का पोस्ट-प्रोडक्शन का काम शुरू होगा। खबर के अनुसार अगले साल दशहरा या दिवाली के मौके पर फिल्म को रिलीज किया जा सकता है। शंकर की अधिकतर फिल्मों की तरह इस फिल्म में भी तगड़ा वीएफएक्स इस्तेमाल किया जाएगा। हालांकि, इसमें रोबोट या 2.0 जितना भारी वीएफएक्स नहीं होगा क्योंकि इस फिल्म में ड्रामा ज्यादा है। हालांकि, कई ऐक्शन दृश्य और गाने हैं जहां वीएफएक्स इस्तेमाल किए जाएंगे। यह पैन इंडिया फिल्म होगी जिसे हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड में रिलीज किया जाएगा। निर्माता इंडियन की सफलता को फिर से दोहराने की उम्मीद कर रहे हैं।

इंडियन 2 को एस शंकर डायरेक्ट कर रहे हैं। यह फिल्म 1996 में आई कमल हासन की इंडियन का सीच्ल है। फिल्म का पोस्टर रिलीज किया गया था, जिसमें कमल एक बुजुर्ग के किरदार में नजर आ रहे हैं। भ्रष्टाचार पर आधारित इस फिल्म में कमल के अलावा काजल, रकुल प्रीत सिंह, विद्युत जामवाल और प्रिया भवानी शंकर भी मुख्य किरदार में हैं। 2020 में फिल्म के सेट पर क्रेन टूटने से 3 लोगों की जान चली गई थी और दस लोग घायल हो गए थे। हादसे के बाद कमल हासन ने ट्विटर पर लिखा था, मैंने बहुत सारे हादसे देखे हैं लेकिन आज जो हादसा हुआ वह सबसे खतरनाक था। मैंने अपने तीन सहयोगियों को खो दिया। उनके परिवार के सदस्यों का संकट मेरे अपने दर्द से कई गुना ज्यादा है। इस हादसे से लिए मैंने दुख और संवेदना जाहिर करता हूं।



## उर्मिला मातोंडकर ओटीटी से कर रही हैं वापसी

उर्मिला मातोंडकर अभिनय की दुनिया में अपने कमबैक के लिए तैयार हैं। छोटे पर्दे पर कुछ समय के लिए उनकी सक्रियता को छोड़ दें तो वह लंबे समय से नजर नहीं आई हैं। अब वह दर्शकों के बीच फिर से आने वाली हैं। उर्मिला ओटीटी शो के जरिए अपना कमबैक कर रही हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी आने वाली वेब सीरीज तिवारी का पोस्टर शेयर किया। उर्मिला ने पोस्टर शेयर किया है। इस वेब सीरीज का निर्देशन सौरभ वर्मा कर रहे हैं। पोस्टर में उर्मिला ऐक्शन अंदाज में नजर आ रही हैं। 90 की दशक में अपने ग्लैमर से राज करने वालीं उर्मिला को इस अंदाज में देखना दिलचस्प होगा।

## असल जिंदगी में बहुत हॉट हैं अशिता साहू



टीवी इंडस्ट्री की मशहूर एक्ट्रेस एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे अपनी दमदार एक्टिंग के साथ -साथ अपनी हॉटनेस के लिए भी जानी-जाती हैं। वैसे तो अंकिता ने अपनी छवी सभी के सामने एक संस्कारी बहु की बनाई हुई है पर असल जिंदगी में वो बहुत ज्यादा हॉट हैं। इसी नक्शे कदम पर चल रही हैं अंकिता बहन अशिता साहू। अशिता साहू अंकिता की कजिन है। अशिता अपनी बहन से भी ज्यादा हॉट और बोल्ड हैं। अंकिता लोखंडे अक्सर अपने सोशल मीडिया पर अपनी बहन अंकिता की तस्वीरें और वीडियोज शेयर करती रहती हैं। जो सोशल मीडिया पर बहुत तेजी से वायरल होती हैं। अशिता साहू टीवी एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे की कजिन है। अशिता एक मॉडल भी हैं उन्होंने ने मिस इंडिया के लिए मध्यप्रदेश की टॉप 10 लड़कियों की लिस्ट में अपनी जगह भी बनाई थी। अशिता मॉडलिंग के करियर के सफर पर चल पड़ी हैं। अशिता की तस्वीरों से पता चलता हैं की वो काफी बोल्ड हैं। वो अक्सर अपनी बोल्ड तस्वीरों से सभी फैंस को चौंका देती हैं। अशिता अपने लुक से बॉलीवुड की हसीनाओं को टक्कर देती हैं। अशिता साहू अपनी तस्वीरों में कई बार अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ चुकी हैं। अपने फिगर को मेंटेन रखने के लिए अपने सेहत का खूब खयाल रखती हैं। अशिता की दिलकश भरी अदाएं वाली तस्वीरें देख फैंस उनके दीवाने हो जाते हैं। फैंस अशिता की तस्वीरों पर जमकर कमेंट भी करते हैं। अंकिता लोखंडे और बहन अशिता एक दूसरे के साथ बेहद शानदार बॉन्डिंग शेयर करती हैं। दोनों एक दूसरे से कितना प्यार करती हैं उनकी तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है। अपनी बोल्ड तस्वीरों से अशिता किसी को भी दीवाना बना ले। अशिता के इंस्टाग्राम पर कई लाखों फॉलोअर्स हैं, जो उनकी तस्वीरों को देखना पसंद करते हैं। अशिता सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं। वो अक्सर अपनी बोल्ड तस्वीरें सोशल मीडिया पर फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं।















CMYK

## संक्षिप्त समाचार



### सीजी में दो रिश्वतखोर बाबू गिरफ्तार : एंटी करप्शन की टीम ने 39 हजार रुपए रिश्वत लेते दो बाबू को पकड़ा

**महासमुंद, 12 अक्टूबर 2022।** पशु चिकित्सा विभाग के दो रिश्वतखोर बाबू उमाशंकर गुप्ता और सविता त्रिपाठी को 39 हजार नगद रिश्वत लेते एंटी करप्शन ने गिरफ्तार किया है. दोनों बाबू ने सुरेखा बाई रावत से पेंशन प्रकरण में रिश्वत की मांग की थी.

मिली जानकारी के मुताबिक, सुरेखा ने एक बार 17 हजार रुपए, एक बार 40 हजार रुपए रिश्वत के तौर पर दे चुकी थी. इसके बाद भी उमाशंकर गुप्ता ने 40 हजार रुपए की मांग की थी. प्रार्थिया सुरेखा बाई ने इसकी शिकायत एंटी करप्शन से की थी.

प्रार्थिया की शिकायत पर एंटी करप्शन की 15 सदस्यीय टीम ने कैच् विक्रांत राही की अगुवाई में छापा मारा. एंटी करप्शन ने उमाशंकर गुप्ता व सविता त्रिपाठी को आज 39 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया. एंटी करप्शन की टीम दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने ले गई।

### पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में हुआ बड़ा फेरबदल, सहायक अभियंता, अधीक्षण अभियंताओं समेत इनका हुआ तबादला



**रायपुर, 12 अक्टूबर 2022।** छत्तीसगढ़ में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में बड़ा फेरबदल किया गया है। बड़े पैमाने पर सहायक अभियंता, अधीक्षण अभियंता, उप अभियंताऔर कायपालन अभियंता का ट्रांसफर हुआ है। इसके लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने आदेश जारी कर दिया है।

### 18 अक्टूबर को होगी नान घोटाले की सुनवाई

**रायपुर, 12 अक्टूबर 2022।** प्रदेश के बहुचर्चित 36 हजार करोड़ रुपये के नान घोटले की सुनवाई आज सुप्रीम कोर्ट में नहीं हो सकी। अब अगली सुनवाई 18 अक्टूबर को होगी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता दूसरे केस में अन्य कोर्ट रूम में व्यस्त थे। वहीं दूसरे पक्ष के ( अनिल टूटेजा, डॉ आलोक शुक्ला ) सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल कोर्ट रूम में उपस्थित थे।

### रेलकर्मी ने मां से की मारपीट,अपराध दर्ज




**बिलासपुर, 12 अक्टूबर 2022।** सिरगिट्टी क्षेत्र में रहने वाली महिला अपने बेटे से खर्च के लिए रुपये मांगने के लिए गई थी। इस दौरान महिला के बेटे और बहू ने मिलकर उनकी पिटाई कर दी। मारपीट से घायल महिला ने इसकी शिकायत सिरगिट्टी थाने में की है। इस पर पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। सिरगिट्टी के महिमा नगर में रहने वाली रमशीला रजक ने मारपीट की शिकायत की है। महिला ने बताया कि उसके पति पूनाराम की मौत के बाद वे पेंशन पर गुजारा करती हैं। पति की जगह पर उन्होंने अपने बेटे रामकुमार को नौकरी देने के लिए सहमति दी। इसके बाद सात साल से वह रेलवे में गैंगमैन की नौकरी कर रहा है।

# किसान और भूमिहीन मजदूरों को त्यौहार मनाने मिलेंगे पैसे



**रायपुर, 12 अक्टूबर 2022।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भेंट-मुलाकात को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम जो भी योजनाएं बनाते हैं, उसका जमीनी क्रियान्वयन देखने के लिए जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ आपके बीच आया हूं। हमने सरकार बनने के बाद सबसे पहले ऋण माफी का फैसला लिया। किसानों के हित में राजीव गांधी किसान न्याय योजना की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि दीवाली के पहले 17 तारीख को राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना की तीसरी किश्त आएगी। त्यौहार मनाने और धान की कटाई के लिए पैसे मिलेंगे, अब तक दो किश्त मिल चुके हैं, तीसरी किश्त दीवाली से पहले आप सभी को मिलेगी।

किसान नंद कुमार नायक ने बताया कि उनका ढाई एकड़ खेत है, 50 हजार का लोन लिया था, वह सरकार द्वारा माफ हो गया है। नंद कुमार ने बताया कि पिताजी का ढाई लाख का लोन माफ हुआ है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना से मिल रहे पैसे से टीवी, मोटरसाइकिल लिया। पत्नी के लिए हार, बच्ची के लिए कपड़े और साइकिल खरीदी है। उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को इस योजना के लिए धन्यवाद दिया।

ग्रामीणों की मांग पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि अब बाजार के दिन अगले मंगलवार से कांशीगढ़ में हाट बाजार क्लिनिक लगेगा। उन्होंने इसके लिए कलेक्टर को जरूरी व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। संवाद के दौरान कांशीगढ़ की बुजुर्ग महिला शकुंतला गोस्वामी ने बताया कि उनके पास जमीन नहीं है, योजना का लाभ भी नहीं मिल रहा है। उनकी समस्या सुनकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हल्का पटवारी को मंच पर बुलाकर योजना के लिए उनकी पात्रता की जांच करने के निर्देश दिए और पात्र होने पर तत्काल उन्हें आवेदन करवाकर योजना से लाभान्वित करने को कहा।

## रमन सिंह पर भड़के सीएम भूपेश बघेल,कहा-माफी मांगें, नहीं तो होगी कानूनी कार्रवाई



**रायपुर, 12 अक्टूबर 2022।** छत्तीसगढ़ में पिछले कुछ दिनों से राजनीतिक सियासत गरमाई हुई है। प्रदेश में मंगलवार को ईडी ने करीबन 40 अफसरों के घरों में छापा मारा है। जिसके बाद राजनितिक बयानबाजी शुरू हो गई, पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने सीएम भूपेश बघेल पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भूपेश बघेल सोनिया गांधी के,ुरू है। जिस पर सीएम भूपेश ने पलटवार करते हुए कहा कि, रमन सिंह अपने आरोप पर तथ्य पेश करें। वे इसे प्रमाणित करें नहीं तो सार्वजनिक रूप से माफी मांगे। अगर रमन माफी नहीं मांगेंगे तो उनके खिलाफ मानहानि का दावा करूंगा।

### ईडी के छापेमारी को लेकर रमन सिंह ने कहा

जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह से ही प्रदेश के 40 अफसरों के घरों में ईडी ने छपेमारी की है। जो की अभी तक चल रही है। ईडी का छापा शुरू होने के बाद डॉ. रमन सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था, छत्तीसगढ़ शर्मशार हुआ है। हमने कभी कल्पना नहीं की थी कि 40-40 अधिकारियों के घरों में ईडी छापा मारेगी। मैं साल भर से बोल रहा हूं भूपेश बघेल, कांग्रेस पार्टी और सोनिया गांधी के एटीएम बने हुए हैं।

रमन सिंह ने आगे कहा कि कलेक्टर को कलेक्टिंग एजेंट बना दिया गया है । कलेक्टर द्वारा कलेक्ट किये गए पैसे का उपयोग प्रदेश की भलाई की जगह चुनाव में खर्च किये जा रहे है। रमन सिंह ने आगे कहा ये हजारों करोड़ का खेल है। वसूली करके असम और हिमाचल प्रदेश में पैसे भेजे जाते हैं।

## हैवान निकला चाचा,भतीजी की शिकायत पर हुई गिरफ्तारी



**दुर्ग, 12 अक्टूबर 2022।** भिलाई के वैशाली नगर थाना क्षेत्र में रहने वाले मो. असलम खान (40 साल) ने अपनी गूंगी बहरी भतीजी को हवास का शिकार बना डाला। उसने सोचा की वो किसी को कुछ बता नहीं पाएगी। इसलिए दो साल पहले घर में अकेला पाकर उसने अपनी ही भतीजी का आबरू लूट ली। साथ ही किसी को कुछ बताने पर जान से मार देने की धमकी दी। डर के मारे युवती ने किसी को कुछ नहीं बताया तो चाचा की हिम्मत बढ़ गई। पिछले दो सालों से जब भी मौका पाता भतीजी के साथ दुष्कर्म करता।

वैशाली नगर थाना प्रभारी ने बताया कि परिजनों ने उनकी 18 वर्षीय बेटी के साथ दुष्कर्म करने की शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी की आबरू किसी और ने नहीं बल्कि खुद उसके चाचा ने लूटी है। उसका यह घिनौना कार्य पिछले दो सालों से चलता आ रहा है। लड़की जब 16 साल की थी तब पहली बार घर में अकेला पाकर चाचा ने उसकी आबरू लूट ली। उसने उसे धमकी दी थी कि यदि वो किसी को कुछ बताएगी तो वह उसे जान से मार देगा। डर के मारे बेटी ने किसी को कुछ नहीं बताया। इससे आरोपी की हिम्मत बढ़ गई। उसने सबसे पहले 2020 में उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद 2021 में और फिर 19 अप्रैल 2022 को अपनी हवस का शिकार बनाया। जब पीड़िता को लगा की चाचा की गंदी हरकतें नहीं रुकने वाली तो उसने अपने माता पिता को इशारों में और लिखकर सारी सच्चाई बताई।

वैशाली नगर पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर मो. असलम खान के खिलाफ धारा दुष्कर्म व पास्को एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। उसे गिरफतार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के दौरान युवक की मौत,की जा रही है मुआवजे की मांग



### छत्तीसगढ़िया ओलिंपिक के दौरान युवक की मौत,सीएम भूपेश ने किया मुआवजे का ऐलान

छत्तीसगढ़ में ओलिंपिक की धूम मची हुई है। इस दौरान रायगढ़ में आयोजित छत्तीसगढ़िया ओलिंपिक के तहत कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लिए खिलाड़ी की मृत्यु हो गई। खलते-खेलते युवक सिर के बल गिर गया, और फिर उठ नहीं पाया। जिसे इलाज के लिए तत्काल हॉस्पिटल ले जाया गया । लेकिन डॉक्टर्स ने युवक को मृत घोसित कर दिया। यह पूरी घटना घरघोड़ा के भालूमार गांव की है।

वहीं बुधवार को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कबड्डी खिलाड़ी की मौत पर संवेदनाएं जाहिर की है और परिजनों को 4 लाख रुपए का मुआवजा देने की घोषणा की है। कहा कि खेल में कभी-कभी ऐसे हादसे हो जाते हैं।

**रायगढ़, 12 अक्टूबर 2022।** प्रदेश में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक की धूम के बीच रायगढ़ के घरघोड़ा से एक दुखद खबर सामने आई है। घरघोड़ा थाना क्षेत्र के भालूमार में मंगलवार शाम कबड्डी खेल में पटकनी के दौरान एक युवक घायल हो गया, घायल युवक को घरघोड़ा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने तुरंत रायगढ़ रिफर कर दिया। रायगढ़ ले जाने के दौरान रास्ते में ही युवक की मौत हो गई। रायगढ़ पहुंचने के बाद डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। युवक नाम ठंडा राम मालाकार उम्र 35 वर्ष बताया जा रहा है । साथ ही परिजनों ने बताया कि मौके पर फर्स्ट एड किट मौजूद नहीं थी, साथ ही सड़क खराब होने के कारण घरघोड़ा से रायगढ़ नहीं ले जा सके, तमनार पाली घाट मार्ग में रायगढ़ जाए जाने के दौरान रास्ते में युवक ने दम तोड़ दिया। वहीं भाजपा नेता ओपी चौधरी ने मृतक के परिवार को 50 लाख रूपए मुआवजा देने की मांग की है। इसके साथ ही इन आयोजनों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठ रहे हैं। वहीं, रायगढ़ प्रशासन की तरफ से इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## पत्नी गई मायके,तो पति ने उठाया ये खौफनाक कदम



**बिलासपुर, 12 अक्टूबर 2022।** पचपेड़ी क्षेत्र के ग्राम सोन में रहने वाले युवक की पत्नी मायके चली गई है। युवक उसे लेने के लिए गया था। उसने लौटने से मना कर दिया। मंगलवार की रात युवक ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं, पूछताछ में पता चला है कि युवक का स्वजन से बंटवारे को लेकर भी विवाद चल रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पचपेड़ी क्षेत्र के ग्राम सोन में रहने वाले डूमर देव पटेल(23) टेलरिंग का काम करते थे। मंगलवार की शाम वे शराब के नशे में घर आए। इसके बाद वे अपने कमरे में सोने के लिए चले गए। सुबह देर तक उनके कमरे का दरवाजा नहीं खुला।

इस पर स्वजन उन्हें आवाज देने लगे। अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर स्वजन खिड़की से अंदर झांके। कमरे में युवक का शव फांसी के फंदे पर झूल रहा था। स्वजन ने इसकी जानकारी पचपेड़ी थाने में दी। इस पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पूछताछ में पता चला कि बीते दिनों उसकी पत्नी अपने मायके चली गई थी। डूमर उसे लेने के लिए भी गया था। उसने आने से मना कर दिया था। गांव वालों ने यह भी बताया कि डूमर अपने पिता से बंटवारा मांग रहा था। उसके पिता ने बाद में बंटवारा करने की बात कही थी। उसने अपने अन्य रिश्तेदारों को भी बंटवारा कराने के लिए कहा था। पुलिस ने स्वजन का बयान दर्ज कर लिया है। पचपेड़ी पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पाइपलाइन को न पहुंचे क्षति इसलिए ब्लूप्रिंट के आधार पर हो नाली का निर्माण:कलेक्टर



**दुर्ग, 12 अक्टूबर 2022।** कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने आज पुलगांव चौक से नेहरु नगर चौक तक नगर निगम व पीडब्लूडी के अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। शीघ्र ही दोनों चौक के बीच का कायाकल्प होने वाला है। मार्ग के कनेक्टिंग प्वाइंट का भी जिर्णोद्धार किया जाएगा। कलेक्टर ने ब्लूप्रिंट का सहारा लेते हुए सड़क के किनारे नालियों का निर्माण करने का सलाह दिये ताकि नाली निर्माण के दौरान घरों में सप्लाई होने वाले पाइपलाइन प्रभावित न हो। उन्होंने सड़क के दोनों किनारों पर प्लांटेशन कराने के लिए कहा ताकि वायु प्रदूषण के प्रभाव को कम किया जा सके। इसके अलावा उन्होंने पुलगांव चौक में स्थित मिनीमाता की मूर्ति को सड़क के किनारें सिपित करने के लिए कहा है ताकि यातायात को बेहतर बनाया जा सके।

कलेक्टर कुम्हारी के बड़ा तालाब भी पहुंचे थे जहां उन्होंने वहां चल रहे कार्य का प्रगति का जायजा लिया।कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदार को कार्य में तेजी लाने की हिदायत दी और बड़ा तालाब परिसर के पीछे के बस्तियों में रहने वाले क्षेत्रवासियों कि सुविधा की दृष्टिकोण से बनने वाले आर्क ब्रिज को जल्द पूर्ण करने के लिए कहा ताकि उनका आवागमन बिना किसी व्यवधान के सुनिश्चित हो सके। उन्होंने फूड कियोस्क के लिए भी अपने इनपुट दिए और सभी कार्यों को लेंडस्केपिंग के आधार पर कराने के लिए कहा। इसके अलावा कलेक्टर नगर पालिका परिषद कुम्हारी भी पहुंचे थे जहां उन्होंने सीएमओ, अभियंता और आरआई के साथ विकास कार्यों को लेकर बैठक ली। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निविदा से संबंधित कार्यों में तेजी लाने के लिए कहा ताकि अधोसंरचना के कार्यों को तीव्र गति से किया जा सके और क्षेत्रवासियों को एक बेहतर इंफ्रास्ट्राचर जो कि उनकी सुविधाओं में विस्तार करें मुहैया कराया जा सके।

## छेड़खानी,मारपीट के दो आरोपियों को किया गिरफ्तार



**रायगढ़, 12 अक्टूबर 2022।** चौकी प्रभारी खरसिया उप निरीक्षक अमिताभ खांडेकर द्वारा मारपीट, छेड़खानी के आरोपी खिजर खान उर्फ राजा (36 साल) एवं गुलाम कादीर खान (66 साल) खरसिया को गिरफ्तार कर छुरूस्रष्ट खरसिया के न्यायालय रिमांड पर भेजा गया है। आरोपियों द्वारा झगड़ा मारपीट की रिपोर्ट दिनांक 04.10.2022 को पुलिस चौकी खरसिया में स्थानीय व्यक्ति द्वारा दर्ज कराया गया था।

रिपोर्टकर्ता अपने रिपोर्ट में बताया कि खिजर खान उर्फ राजा और गुलाम कादीर खान दिनांक 04.10.2022 के सुबह इसके घर में लगे शासकीय बोर को चालू कर घर के बाहर पानी भर रहे थे। इसी दरम्यान इसकी लड़की से झगड़ा विवाद हुआ। आरोपियों द्वारा लड़की से अभद्रता, छेड़खानी कर घरवालों से मारपीट किया गया। आरोपियों को मारपीट व छेड़खानी की धाराओं में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

## पिता को जान से मारने की नियत से कुल्हाडी और डण्डे से किया हमला,आरोपी बेटा गिरफ्तार




**गरियाबंद, 12 अक्टूबर 2022।** जमीन विवाद को लेकर अपने ही पिता को जान से मारने की नियत से कुल्हाडी एवं डण्डे से हमला कर फरार आरोपी बेटे को पीपरछेडी पुलिस ने गिरफ्तार किया है. जानकारी के मुताबिक मामला थाना पीपरछेडी जिला गरियाबंद क्षेत्र के ग्राम पीपरछेडीकला का है जहां आरोपी दाउलाल वर्मा अपने पिता डेहरू राम वर्मा को घर परछी मे जान से मारने की नियत से टंगिया एवं डण्डा से मारपीट करने के संबंध मे रिपोर्ट दर्ज कराया था । प्रथम प्रथम दृष्टिया अपराध के घटित पाए जाने से थाना पीपरछेडी द्वारा अपराध क्रमांक 22/2022 धारा 307 भादवि कायम किया गया है।

उक्त घटना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराने पर मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम काम्बले के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंद्रेश सिंह ठाकुर व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पुष्पेंद्र नायक के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी पीपरछेड़ी द्वारा टीम गठित कर मुखबिर से मिली जानकारी के आधार पर आरोपी घटना कार्य कर जंगल लारी में छुपा हुआ है। जंगल लारी से उक्त आरोपी दाउ लाल वर्मा को थाना पीपरछेडी द्वारा गिरफ़्तार कर घटना कारित करने के सम्बन्ध में पुछताछ करने पर बताया कि दिनाक घटना समय को घटना स्थल पर आरोपी अपने पिता को बेवजह गाली गलौच और जमीन संबंधी बटवारा की विवाद को लेकर जान से मारने की नियत से कुल्हाड़ी एवं डण्डा से हाथ ,सिर ,सीना को मारकर गंभीर चोट पहुचाया है। घटना मे प्रयक्त कुल्हाड़ी ,डण्डा को अपने लारी मे छुपा कर रखना बताया जिसे लारी से आरोपी के निशानदेही पर जप्त किया गया है। मामला अजमानतीय होने से आरोपी को जेल दाखिल कराया गया है ।

उक्त कार्यवाही मे थाना पीपरछेडी के प्र0 आर0 119 लाखेश्वर निषाद , प्र0 आर0 505 रामेश्वर महिलांगे , आरक्षक 537 घनश्याम जांगडे, 159 राजेश मरकाम , 110 खेलावन ठाकुर , 206 अजय राजपुत , 766 संतोष जांगडे , 343 हेमंत आवडे की विशेष भूमिका रही।

**नाम आरोपी:** - दाउ लाल वर्मा पिता डेहरू राम वर्मा उम्र 32 वर्ष साकिन लोधीपारा पीपरछेडी

## 5 किलो गांजे के साथ 2 नाबालिग गिरफ्तार




**रायपुर, 12 अक्टूबर 2022।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल द्वारा रायपुर पुलिस के समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित प्रभारी एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट को नशे का काला कारोबार करने वाले कारोबारियों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट की टीम द्वारा मुखबीर लगाकर, पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर नशे का कारोबार करने वाले कारोबारियों के संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है। इसी तारतम्य में दिनांक 12.10.2022 को सूचना प्राप्त हुई कि थाना टिकरापारा क्षेत्रांतर्गत भाठागांव स्थित न्यू बस स्टैंड पास 2 लड़के अपने पास सूटकेस में गांजा रखें है तथा कहीं जाने की फिराक में है।

जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर/अपराध अभिषेक माहेश्वरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम देव चरण पटेल एवं नगर पुलिस अधीक्षक पुरानी बस्ती श्री राजेश चौधरी द्वारा थाना प्रभारी टिकरापारा को लड़को को गांजा के साथ रंगे हाथ पकड़ने हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी टिकरापारा के नेतृत्व में थाना टिकरापारा पुलिस की टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के लड़को को चिन्हांकित कर घेराबंदी कर पकड़ा गया। टीम के सदस्यों द्वारा उनके पास रखें सूटकेस की तलाशी लेने पर उसमें गांजा रखा होना पाया गया।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)